सुविचार

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 252 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, मंगलवार 4 अप्रैल, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

# मानहानि केस में राहुल को सूरत सेशन कोर्ट से जमानत

## सजा रोकने की अपील पर सुनवाई 13 अप्रैल को

गरीबों का सितारा

**सूरत।** एयरपोर्ट से सेशन कोर्ट तक राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका बस से गए। इस दौरान पूरे रास्ते में लोगों ने उनका अभिवादन किया। आपराधिक मानहानि केस में सूरत के सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को सोमवार को 15 हजार के मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी। राहुल ने एक मुख्य याचिका और दो आवेदन लगाए थे। अब समझिए कि इन तीनों अर्जियों में क्या मांग थी और कोर्ट ने क्या तय किया।

- **पहला आवेदनः** में से एक में सजा पर रोक (स्टे) की मांग की गई। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए राहुल को अंतरिम जमानत दी। कोर्ट ने कहा कि यह जमानत इस अर्जी पर फैसला आने तक रहेगी।
- **दूसरा आवेदनः** इसमें दोषसिद्धि (कन्विक्शन) पर स्टे की मांग की गई। इस पर कोर्ट ने कहा कि दूसरे पक्ष को सुने बगैर कोई आदेश पारित नहीं किया जा सकता। इस मामले में कोर्ट ने शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी को नोटिस जारी कर 10 अप्रैल तक जवाब मांगा। इसके तीन दिन बाद 13 अप्रैल को उसी अर्जी पर सुनवाई होगी। इस दौरान राहुल का कोर्ट में मौजूद रहना जरूरी नहीं है।



### राहुल के साथ प्रियंका भी सूरत पहुंचीं

राहुल के दिल्ली से सूरत रवाना होने से पहले सोनिया गांधी सुबह साढ़े 10 बजे उनसे मिलने पहुंचीं। 1 घंटे बाद राहुल, बहन प्रियंका के साथ चार्टर्ड फ्लाइट से सूरत निकल गए। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश के उट भी सूरत पहुंचे। राजस्थान के उट अशोक गहलोत ने राहुल के आने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। गहलोत ने कहा- हमें न्याय पालिका पर यकीन है। यहां हम अपनी एकता दिखाने आए हैं। हम देश को बचाने के लिए सत्याग्रह कर रहे हैं। देश देख रहा है कि इंदिरा गांधी के पोते, राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी के साथ क्या हो रहा है।

### रिजिजू ने कहा- कोर्ट पर दबाव बनाया जा रहा

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर निशाना साधा। रिजिजू ने कहा- जब आपका (राहुल गांधी) ट्रायल चला तब आपने अपील क्यों नहीं की। कोर्ट ने जब आपको दोषी करार दे दिया, इसके बाद आप यह ड्रामा कर रहे हैं। यह कोर्ट पर दबाव बनाने के लिए ही है। कांग्रेस पार्टी पूरे के पूरे परिवार को देश से ऊपर मानती है।

### मानहानि केस में हुई थी दो साल की सजा

23 मार्च को मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई थी। सजा का ऐलान होने के कुछ देर बाद ही उन्हें 30 दिन की जमानत दे दी गई थी। सजा सुनाए जाने के अगले ही दिन लोकसभा से उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। राहुल केरल के वायनाड से सांसद थे।

# पीएम ने सीबीआई से कहा-कोई भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए, जिन पर एक्शन ले रहे

## वे बेहद ताकतवर; पर काम से फोकस न हटने दें

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को CBI की स्थापना के 60 साल पूरे होने के डायमंड जुबली प्रोग्राम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने अपने 25 मिनट के संबोधन में CBI के 6 दशक के सफर और आगे आने वाली चुनौतियों को लेकर बात की। उन्होंने उइक से कहा, 'आपको कहीं पर भी रुकने की जरूरत नहीं है। मैं जानता हूं आप जिनके खिलाफ एक्शन ले रहे हैं वे बेहद ताकतवर लोग हैं, बरसों तक वे सरकार और सिस्टम का हिस्सा रहे हैं। आज भी वे कई जगह किसी राज्य में सत्ता का हिस्सा हैं, लेकिन आपको अपने काम पर फोकस रखना है कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए।' प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में पोस्टल स्टाम्प और डायमंड जुबली मार्क वाला सिक्का लॉन्च किया। इसके साथ ही शिलॉन्ग, पुणे और नागपुर में उइकके ब्रांच ऑफिस की नई बिल्डिंग का उद्घाटन भी किया।




### 6 दशक में CBI का दायरा बहुत बड़ा हुआ

पीएम ने कहा कि देश की प्रीमियम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के रूप में उइक ने 60 वर्ष का सफर पूरा किया है। इन 6 दशक में उइकने बाहु आयामी और बाहु अनुशासनात्मक जांच एजेंसी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। आज उइकका दायरा बहुत बड़ा हो चुका है। महानगर से लेकर जंगल तक CBI को दौड़ना पड़ रहा है।

### CBI यानी न्याय का ब्रांड

PM ने कहा कि उइक ने अपने काम से लोगों के मन में विश्वास जगाया है। लोग आंदोलन करते हैं कि केस बाकी एजेंसियों से लेकर उइकको दे दो। यहां तक कि पंचायत स्तर पर भी कोई मामला आता है तो लोग कहते हैं कि इसे उइकको दे देना चाहिए। न्याय के, इंसाफ के एक ब्रांड के रूप में उइकका नाम हर जुबान पर है। ढट मोदी ने कहा कि मुख्य रूप से उइककी जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। वहां सिर्फ एक विशेष इकोसिस्टम ही फलता-फूलता है। भ्रष्टाचार प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है और यहीं से भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बल मिलता है।


### 2014 से पहले फोन पर लोगों को करोड़ों रुपए का लोन मिलता था

मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार ने हमारी अर्थव्यवस्था के आधार यानी हमारे बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया था। बीते वर्षों में हम बहुत मेहनत करके अपने बैंकिंग सेक्टर को मुश्किलों से बाहर निकाल कर लाए हैं। आज हम इंटरनेट बैंकिंग की बात करते हैं, वढकसे रिकॉर्ड ट्रांजैक्शन की बात करते हैं, लेकिन हमने 2014 से पहले बैंकिंग वाला दौर भी देखा है।

# SMS अस्पताल में काम पर लौटे रेजिडेंट्स डॉक्टरः आज प्राइवेट डॉक्टर्स की फिर महारैली

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में जयपुर में चल रही रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की हड़ताल आज खत्म हो गई। इसके साथ ही मेडिकल व्यवस्थाएं वापस पटरी पर आनी शुरू हो गई। प्रदेश के सबसे बड़े हॉस्पिटल सवाई मानसिंह (एसएमएस) में आज रेजिडेंट्स ओपीडी और आईपीडी में आए। मरीजों को देखा। हालांकि महावीर जयंती के छुट्?टी होने के कारण ओपीडी में सामान्य दिनों के मुकाबले मरीजों की भीड़ कम रही। इधर प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर्स का विरोध अब भी जारी है। विरोध कर रहे डॉक्टर्स के संगठन ने कल (4 अप्रैल को) जयपुर में एक बार फिर महारैली बुलाई है, जो सुबह 10 बजे निकाली जाएगी। रेजिडेंट्स के काम पर लौटने के साथ ही एसएमएस हॉस्पिटल के अलावा एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अटैच दूसरे हॉस्पिटल (जनाना, सांगानेरी गेट, जेके लॉन, कावंटिया, गणगौरी समेत अन्य) हॉस्पिटल में मरीजों के भर्ती होने और



उनके इलाज की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। पहले एसएमएस में जहां हर रोज 400 से ज्यादा ऑपरेशन अलग-अलग डिपार्टमेंट की ओटी में होते थे। वह पिछले दिनों हड़ताल के कारण कम होकर 150 से 200 के बीच रह गए थे। केवल इमरजेंसी में आने वाले मरीजों और ज्यादा क्रिटिकल मरीजों का ऑपरेशन ही किया जा रहा था। बता दें कि राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में 20 मार्च से रेजिडेंट्स डॉक्टर्स ने हड़ताल कर दी थी। इन डॉक्टरों ने प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों का समर्थन करते हुए कार्य बहिष्कार कर दिया था। पहले पिछले सप्ताह गुरुवार को रेजिडेंट्स डॉक्टर्स का एक गुट सरकार से वार्ता के बाद वापस काम पर लौट आया था, लेकिन दूसरे गुट ने विरोध जारी रखा था। रविवार को वार्ता के बाद वे भी वापस काम पर लौट आए।

**काली पट्टी बांधकर जताया विरोध**

रेजिडेंट्स भले ही आज से काम पर लौट गए हो, लेकिन उनका राइट टू हैल्थ बिल को लेकर सांकेतिक विरोध अब भी जारी है। रेजिडेंट्स ने आज हाथों पर काली पट्?टी बांधकर अपना विरोध जताया। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट्स डॉक्टर्स ने बताया- सरकार अगर रेजिडेंट्स की मांगों पर जल्द से जल्द पूरा नहीं करती तो वे वापस आंदोलन की राह पकड़ सकते हैं।

**आज निकाली जाएगी महारैली**

बिल के विरोध में कल प्राइवेट डॉक्टर्स एक बार फिर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसाइटी के सेक्रेटरी डॉ. विजय कपूर ने बताया- जिस तरह की रैली 27 मार्च को निकाली गई थी, उसी तरह कल भी निकाली जाएगी। रैली सुबह 10 बजे रेजिडेंट्स हॉस्टल ग्राउण्ड एसएमएस मेडिकल कॉलेज से निकाली जाएगी। जो टोंक रोड, महारानी कॉलेज, अशोक मार्ग, राजपूत सभा भवन, पांच बत्ती, एमआई रोड, अजमेरी गेट, न्यू गेट, अल्बर्ट हॉल होते हुए एसएमएस मेडिकल कॉलेज पहुंचेगी।

# देर रात जयपुर में बारिश, बीकानेर में ओले गिरे

## कई जिलों का पारा गिरा, अप्रैल में गुलाबी ठंड का एहसास



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर सहित राजस्थान के कई जिलों में सोमवार को मौसम ने करवट ली। जयपुर में देर रात सवा दस बजे बारिश हुई, जिसके बाद पारा गिर गया। इससे गुलाबी ठंड का एहसास हुआ। उत्तर भारत में सक्रिय हुए एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस(पश्चिमी विक्षोभ) के कारण सोमवार शाम करीब 6 बजे बीकानेर के बज्जू में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। इससे पहले गंगानगर में भी सुबह बरसात हुई। वहीं, इस सिस्टम का असर बीकानेर, जोधपुर, जयपुर संभाग के 9 जिलों में देखने को मिला। दिनभर की सूरज से हुई लुकाछिपी के बाद आखिरकार रात होते ही बादल सक्रिय हुए और जयपुर को भिगो दिया। देर रात जयपुर के कई इलाकों में बारिश हुई। सांगानेर, प्रतापनगर सहित तमाम इलाकों में सिर्फ तेज हवा चली थी। इन इलाकों में बूंदाबांदी तक नहीं हुई है। वहीं शहर के बाकी हिस्सों में हुई बारिश से कुछ देर के लिए सड़क किनारे पानी तक भर गया था। इससे पहले रविवार रात श्रीगंगानगर, बीकानेर के ग्रामीण इलाकों में बारिश और बूंदाबांदी हुई। बीकानेर के खाजूवाला में 2, झुंझुनूं-सीकर के अलावा गंगानगर में 2.5, करणपुर में 4 और रावला में 2टट बरसात दर्ज हुई। इन जिलों में आज सुबह भी आसमान में कहीं-कहीं बादल छाए रहे। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि पूर्वी पाकिस्तान से आए इस सिस्टम का असर राजस्थान के अलावा सबसे ज्यादा पंजाब, जम्मू-कश्मीर में देखने को मिल रहा है।

### तापमान 36 डिग्री से ऊपर पहुंचा

राजस्थान में दो दिन बारिश नहीं होने और मौसम साफ रहने के कारण तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। कल दिन में बाड़मेर में अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में भी लगातार दूसरे दिन तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। अलवर को छोड़कर प्रदेश के सभी शहरों में कल दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही दर्ज हुआ। जयपुर मौसम केंद्र से जारी फोरकास्ट के मुताबिक आज भी गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर के अलावा जयपुर संभाग के झुंझुनूं, सीकर, अलवर जिलों में भी बारिश, ओलावृष्टि और कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम के इस बदलाव से एक बार फिर तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना है। वहीं देर शाम या रात के समय भरतपुर, करौली, धौलपुर और दौसा में भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

### सीकर में 2 दिन बारिश का अलर्ट

सीकर के न्यूनतम तापमान में आज मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आज और कल बारिश होने की संभावना है। इससे पहले रविवार को जिले में पूरे दिन बादलों की आवाजाही चलती रही।

**श्रीगंगानगर में बारिश से फिर बदला मौसम**

श्रीगंगानगर में सोमवार सुबह एक बार फिर अचानक मौसम में बदलाव आया। इस दौरान बादल गरजे और हल्की बारिश हुई। अगले एक-दो दिन मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है।



क्षेत्र का नं. 1 अखबार हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
अपना शहर
गरीबों का सितारा
जयपुर
मंगलवार, 4 अप्रैल, 2023


| पूर्वानुमान> | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 27°c | 29°c | 30°c | 30°c |
| 20° न्यूनतम> | 16°c | 19°c | 19°c | 19°c |

# प्रभारी मंत्री जूली ने 5 साल की चिरंजीवी लाभार्थी बालिका से कराया जनता क्लीनिक का शुभारंभ

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत पाली में स्वीकृत सात में से तीन जनता क्लीनिक का सोमवार को अंबेडकर भवन ट्रांसपोर्टनगर में जिले के प्रभारी तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कलक्टर नमित मेहता की उपस्थिति में लोकार्पण हुआ। प्रभारी मंत्री जूली ने ट्रांसपोर्टनगर, सर्वोदयनगर तथा मानपुरा भाकरी के जनता क्लीनिकों की शुभारंभ पट्टिकाओं का अनावरण चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की लाभार्थी पांच वषीर्या बालिका प्रियंका से कराया। इस दौरान पूरा समारोहस्थल करतल ध्वनि से गूंज उठा। बाबा रामदेव कॉलोनी निवासी बालिका प्रियंका पुत्री धनाराम का करीब साल भर पूर्व चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत हार्ट का निःशुल्क ऑपरेशन हुआ था।





## राजस्थान की चिकित्सा योजनाएं पूरे एशिया में मिसाल : जूली

जनता क्लीनिक शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राजस्थान सरकार के संवेदनशील मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लागू की गई योजनाएं न केवल भारत अपितु पूरे एशिया महाद्वीप के लिए मिसाल हैं। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रूपए का तक का निःशुल्क उपचार, 10 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा, निःशुल्क जांच, निःशुल्क दवाएं, निःशुल्क इनडोर-आउटडोर सेवाएं जैसी योजनाएं आमजन को राहत दे रही हैं। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, युनानी अस्पताल, होम्योपैथी अस्पताल, आयुर्वेद में वेलनेस सेंटर्स आदि स्थापित किए हैं।




### पाली को संभाग की सौगात

जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश में सुशासन को बढावा देने के लिए 19 नए जिले और तीन संभाग बनाए हैं। इसमें पाली को भी संभाग मुख्यालय की सौगात मिली है। इससे हर आम व्यक्ति तक सरकार और प्रशासन की पहुंच बढेगी और लोगों को इसका लाभ मिलेगा। समारोह में जूली ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही राइट टू हैल्थ बिल विधानसभा में पारित किया है। कुछ निजी चिकित्सक इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन गरीब जनता के लिए यह अनिवार्य है। प्रदेश के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य की गारंटी देते हुए किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना पर उसके निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है। बिल को लेकर भ्रांतियां नहीं रखते हुए उसका समर्थन करना चाहिए।

**चार साल में जोडे 37 लाख नए पेंशनर**

प्रभारी मंत्री जूली ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग को राहत देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से पिछले चार सालों में हमने 37 लाख नए पेंशनर जोडे हैं। इस बजट में सरकार ने सभी तरह की योजनाओं में न्यूनतम पेंशन 1000 रूपए कर दी है तथा अप्रैल माह से इसका लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। इसके अलावा दिव्यांगों को स्कूटियां वितरित की जा रही हैं। समारोह में गांधी दर्शन समिति के जिला संयोजक केवलचंद गुलेच्छा, समाजसेवी महावीरसिंह सुकरलाई, नगरपरिषद सभापति रेखा राकेश भाटी, राज्य महिला आयोग सदस्य सुमित्रा जैन, आर्थिक पिछडा वर्ग आयोग सदस्य शिशुपालसिंह निंबाडा, नगरपरिषद प्रतिपक्ष नेता हकीमभाई, समाजसेवी रतन जवणा, मोहन हटेला, आमीन अली रंगरेज, भंवर राव भी बतौर अतिथि मंचासीन रहे। प्रारंभ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इंदरसिंह राठौड ने अतिथियों का स्वागत करते हुए जनता क्लीनिक की जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन चंद्रभानसिंह भाटी, अतिरिक्त कलक्टर सिलिंग जब्बरसिंह, सीईओ जिला परिषद दीप्ति शर्मा, आरसीएचओ सूर्यवीरसिंह, डिप्टी सीएमएचओ विकास मारवाल सहित अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण तथा आमजन मौजूद रहे। संचालन डा कैलाशचंद्र सैनी ने किया

## पंचाग

दिनांक 04अप्रैल 2023 मंगलवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 08:04:44 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | पूर्व फाल्गुनी | 09:35:22 |
| योग | वृद्दि | 27:37:33 |
| करण | तैतुल | 08:04:44 |
| करण | गर | 20:45:10 |
| चन्द्र राशि | सिंह | 16:04:33 |
| चन्द्र राशि | कन्या | 16:04:33 |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:16:09 |
| सूर्यास्त | 18:44:01 | |
| चंद्रोदय | 17:12:17 | |
| चंद्रास्त | 29:48:07 | |
| राहू काल | 15:37-17:11 | |
| अभिजित | 12:07-12:56 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 09:23-10:57 | शुभ |
| लाभ | 10:57-12:30 | शुभ |
| अमृत | 12:30-14:04 | शुभ |
| शुभ | 15:37-17:11 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
शिव दमनक चतुर्दशी:-आज
पूर्णिमा व्रत :-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा चौमूं की बैठक का हुआ आयोजन

## स्नेह मिलन वह समरसता संगोष्ठी का आयोजन करेगा शिक्षक संघ

गरीबों का सितारा



**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** शहर के कचोलिया रोड स्थित केसरगढ़ हवेली में रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा चौमूं की बैठक आयोजित हुई । जिसमें प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने संगठन के द्वारा डॉ.अंबेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाने की बात कही ' उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रबुद्ध वर्ग के द्वारा संगोष्ठीयों या अन्य माध्यमों से समाज में समरसता बनी रहे इसके लिए हमें प्रयास करने चाहिए चूंकि हम शिक्षक वर्ग से है इसलिए समाज में हमारी जिम्मेदारी अधिक है ।संभाग संगठन मंत्री बालकृष्ण भारद्वाज ने भारतीय संस्कृति में हिंदू नव वर्ष के महत्व को उद्धृत करते हुए नववर्ष व होली स्नेह मिलन बनाने का प्रस्ताव रखा। प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ सदस्य रोहिताश दादरवाल व जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत ने इस अवसर पर इसी सत्र में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को भी सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा ।अशोक कुमार व सुरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा कार्यक्रम में आए सभी शिक्षको के लिए स्नेहभोज के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया । मंत्री नरसीराम हरितवाल ने बताया कि उपशाखा बैठक में हुए निर्णय के अनुसार आगामी 13 अप्रैल 2023 को संगठन द्वारा चौमूं कचोलिया रोड स्थित केसरगढ़ हवेली में स्नेह मिलन, समरसता संगोष्ठी व सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उपशाखा अध्यक्ष निर्विकार शर्मा ने सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है ' बैठक में श्रवण कुमार शर्मा,रूपकिशोर भारद्वाज, सीताराम शर्मा, अर्जुन लाल घोंसल्या, रंजू सुरोलिया,प्रमिला वर्मा, लक्ष्मीकांत पुरोहित, प्रीति पारीक प्रमिला वर्मा, बनवारी लाल सैनी,मोहन लाल डालर, बनवारी लाल देवन्दा, हरीश पाराशर,प्रकाशचन्द्र चौधरी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## "हाथ से हाथ जोड़ो"अभियान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित

गरीबों का सितारा



**रुपेश शर्मा, अलवर।** प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया की हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का घर घर जाकर प्रचार प्रसार किया गया एवं कॉलोनी वासियों से मुलाकात कर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के संदेश, अलवर के विकास पुरुष पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के विकास कार्यो, भाजपा ( भारतीय जुमला पार्टी ) के,राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के पंपलेट वितरित किए गए एवं घरों पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के स्टीकर लगाए गये। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कॉलोनी वासियों को राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं जैसे उज्जवला योजना व बी पी एल के तहत 500 रुपए में गैस सिलेंडर, चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ़्त इलाज ,घरेलू उपभोक्ताओं की 100 यूनिट बिजली मुफ्त, किसानों को कृषि कनेक्शन पर 2000 यूनिट तक बिजली मुफ्त, महिलाओं को रोड़वेज किराये में 50% की छूट, सामाजिक सुरक्षा पेंशन न्यूनतम 1000, इंदिरा रसोई में 8 में भोजन आदि योजनाओ की जानकारी दी और सभी कॉलोनी वासियों तथा कार्यकताओं से एक बार फिर से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की ।

# राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे : प्रभारी मंत्री

## बीस सूत्री कार्यक्रम तथा फ्लैगशिप योजना क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक



गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर/पाली।** जिले के प्रभारी तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए लागू की है। अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों के दायित्व है कि वे आपसी समन्वय से काम करते हुए हर पात्र व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाएं। प्रभारी मंत्री जूली सोमवार शाम को जिला परिषद सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रथम स्तरीय समिति तथा फ्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में समिति सदस्यों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याएं एवं परिवेदनाएं रखी। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक परिवेदना पर अधिकारियों से जानकारी लेते हुए नियमानुसार त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर श्री नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक डॉ गगनदीप उंँ४३, एडीएम प्रशासन चंद्रभानसिंह, एडीएम सिलिंग जब्बरसिंह, सीईओ दीप्ति शर्मा, जोजावर विधायक खुशवीरसिंह, पूर्व संसदीय सचिव दिलीप चौधरी, समाजसेवी महावीरसिंह सुकरलाई, आर्थिक पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य शिशुपालसिंह, युवा बोर्ड सदस्य यशपालसिंह कुम्पावत,

**अभियान चलाकर ठीक कराएं सड़कें**

बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाने की समस्या रखी। इस पर प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर सड़कों को दुरस्त करने के निर्देश दिए।

**संवेदनशील रहकर दिलाएं आहत को राहत**

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री जूली ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आहत को राहत पहुंचाने वाले प्रकरण किसी भी हालत में लंबित नहीं रहने चाहिए। अधिकारी संवेदनशील रहकर खुद मोनिटरिंग कर ऐसे प्रकरणों का निस्तारण कराकर गरीब लोगों को राहत दिलाएं।

# कांग्रेस का टैलेंट हंट कार्यक्रम हुआ आयोजित

## नए नेतृत्व की खोज की प्रक्रिया शुरू





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** कार्यालय राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कांग्रेस के अग्रिम संगठन राजींव गांधी पंचायतीराज संगठन का टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन रांजीव गांधी पंचायतीराज संगठन प्रभारी सचिन नायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रभारी नायक ने बताया कि टैलेंट हंट कार्यक्रम के दौरान 50 अधिक की संख्या में लोगों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा हुई है। कार्यक्रम में पंचायतीराज के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी सचिन नायक, प्रदेश संयोजक डाँ सी बी यादव, पीसीसी सचिव जसवंत सिंह गुर्जर, जिला संयोजक, उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर, नटवर सिंह, पीसीसी सचिव रामसिंह कस्वा, जिला संयोजक अलवर बलराम यादव, पूर्व प्रधान नन्दलाल गोठवाल, जिला परिषद सदस्य राजेश अटल, सहित पंचायतीराज संगठन के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# भगवान महावीर जन्मोत्सव पर तेरापंथ भवन में नवकार मंत्र जाप व सामूहिक एकासना

गरीबों का सितारा





**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले भगवान महावीर की जयंती पर सोमवार को गंगाशहर के तेरापंथ भवन में जैन यूथ क्लब के तत्वावधान, सकल जैन श्री संघ के सहयोग से नवकार महामंत्र के साथ सोमवार को तेरापंथ भवन में सामूहिक एकासना किया गया । रविवार रात को जैन पब्लिक स्कूल मैदान में प्रेरणादायक नाटक लौट आओ महावीर का मंचन आधुनिक दृश्य व श्रव्य माध्यमों से किया गया। गंगाशहर के तेरापंथ भवन में सात बजे से शाम सात बजे तक नवकार महामंत्र का जाप किया गया। जैन यूथ क्लब के सचिव विशाल गोलछा ने बताया कि सामूहिक एकासना में बीकानेर, गंगाशहर, भीनासर,, नाल, उदयरामसर, उदासर के करीब 2500 श्रावक-श्राविकाओं ने भागीदारी निभाई। सामूहिक एकासना, मंत्र जाप तथा महावीर जयंती पर रैली के सफल आयोजन के संबंध में जैन यूथ क्लब के करीब 150 से अधिक कार्यकताओं ने 5 हजार से अधिक घरों में डोर-टू-डोर जाकर जन संपर्क किया था। गोलछा ने बताया कि वर्ष 2015 से भगवान महावीर जयंती पर सामूहिक एकासना परम्परा अब विशाल वट वृक्ष के रूप में फैल रही है। समग्र जैन समाज के सहयोग से आयोजित नाटक, मंत्र जाप व एकासना में करीब 25 हजार से अधिक लोगों परोक्ष-अपरोक्ष रूप से भागीदारी निभाई। जैन यूथ क्लब के सदस्य दर्शन सांड, मयंक बांठिया, शांति विजय सिपानी, मनोज खजांची व सुनील भंसाली ने बताया कि नवंकार महामंत्र के जाप के साथ चले सामूहिक एकासना (दिन भर में एक बार भोजन, उबला हुआ सीमित जल ग्रहण करना ) जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ, तपागच्छ, पाश्र्वचन्द्रगच्छ, जैन श्वेताम्बर तेरापंथ, साधुमार्गी जैन संघ, शांतक्रांत संघ व दिगम्बर सहित विभिन्न घटकों से जुड़े श्रावक-श्राविकाओं ने अहम व अहंकार को त्यागकर एक पंगत में बैठकर एकासना किया। नवंकार महामंत्र की धुन के साथ अन्न से अंतःकरण तक महावीर भगवान के आदर्शों को पहुंचाने का सार्थक पुरुषार्थ किया। जैन यूथ क्लब के साथ उनके सहयोगी करीब 250 लोग मनुहार के साथ श्रावक-श्राविकाओं को जैन धर्म की परम्परा के अनुसार बिठाकर एकासना करवा रहे थे। श्रावक-श्राविकाओं को तेरापंथ तक लाने व छोड़ने के लिए जैन यूथ क्लब की ओर से वाहन व्यवस्था की गई थी। लौट आओ महावीर-अत्याधुनिक दृश्य व श्रृव्य माध्यमों से जैन यूथ क्लब व डॉ.श्रेयांश जैन के निर्देशन में मंचित दो घंटे के संगीतमय नाटक में बताया गया कि सत्य, अहिंसा, अचौर्य, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह, जीओ-और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर के सिद्धांतों और शाकाहार को अपनाकर विश्व, देश-प्रदेश की अनेक समस्याओं व सामाजिक बुराइयों को समाप्त किया जा सकता है। नाटक को करीब चार हजार से अधिक लोगों ने देखा तथा करतल ध्वनि से सराहा। विभिन्न पात्रों का किरदार 104 जैन समाज के 8 से 60 वर्ष तक के कलाकारों ने बखूबी निभाया। नवकार महामंत्र जाप- महावीर जयंती पर रविवार को गंगाशहर के तेरापंथ भवन में महा मंगलकारी नवकार महामंत्र का जाप सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक बारह घंटे निबार्ध चला। इसमें करीब 3500 श्रावक-श्राविकाओं ने हिस्सा लिया। महावीरजी के मंदिर में पूजा व अंगी भगवान महावीर जयंती पर सोमवार को रांगड़ी चैक के बोहरों की सेहरी, बैदों के चैक, आसानियों का चैक, दिगम्बर जैन नसियाजी सहित विभिन्न मंदिरों में भक्ति संगीत के साथ पूजा व परमात्मा की प्रतिमा पर विशेष अंगी की गई।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर 5 को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

गरीबों का सितारा



**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी ब्लॉक के सभी अध्यापको द्वारा शिक्षकों की विभिन्न माँगो को लेकर रैणी उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया जायेगा ' जिसमे मुख्य मांगे रहेगी- शिक्षको के साथ पारदर्शी ट्रांसफरनीति नीति के साथ गृह जिलो मे स्थानांतरण एवं शिक्षको को गैर शैक्षणिक कार्य व बीएलओ व अन्य कार्य से मुक्त रखा जाए तथा सैकंडरी स्कूल मे एचएम के स्थान पर नव सृजित पद व वाईस प्रिंसिपल के 50% पद विभागीय कर्मचारियों से नही भरे जावे बल्कि प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर भरे जाने चाहिए व लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर कर केंद्र सरकार के समान थर्ड , सेकंड , व फर्स्ट ग्रेड अध्यापको की क्रमशः 4200 , 4800 , 5400 की ग्रेड निर्धारित की जाए। तृतीय श्रेणी व द्वितीय श्रेणि अध्यापको की उद्धउ पदोंउन्नति अविलम्ब की जाए। खेमराज कमिटी के निर्णय को सार्वजनिक कर लागू किया जाए। शिक्षक संघर्ष समिति के प्रदेश प्रतिनिधि एस एस डाटाराम ने बताया कि शिक्षको की उक्त मांग राजस्थान सरकार के पास लम्बे समय से है सरकार इन पर समय रहते ध्यान दें नही , तो प्रदेश भर मे बड़े आंदोलन की रणनीति बनाकर सारे शिक्षक बड़ा आंदोलन करेगे जिसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। मिडिया को यह सारी जानकारी शिक्षक संघर्ष समिति के प्रदेश प्रतिनिधी एस एस डाटाराम के द्वारा दी गई है।

## महासभा की डेढ़ दर्जन से अधिक सर्कल सभाओ के चुनाव सम्पन्न



गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान रावत-राजपूत महासभा के द्विवार्षिक चुनाव के क्रम में चौथे चरण में जयपुर शाखा सभा सहित 19 सर्कल सभाओं के चुनाव सम्पन्न हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त किशोरसिंह काछबली ने जानकारी दी कि अब तक चार चरणों मे 141 सर्कल सभाओं एवम शाखा सभाओं के चुनाव हो चुके हैं। कुछ सर्कल सभाओ के चुनावों हेतु मनोनीत चुनाव अधिकारियों ने विशेष कारणों से अलग से चुनाव तिथियों की अनुमति मांगी है जिस पर चुनाव आयुक्तों की पूर्ण बैठक में विचार करके अनुमति दे दी गई है। रविवार को चौथे चरण में महासभा के वरिष्ठ महामंत्री प्राचार्य मानसिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता माधुसिंह बरजाल, जयरामसिंह गहलोत, सेवानिवृत शिक्षा अधिकारी पन्नेसिंह जोड़ किया, जयपुर शाखा सभा के संयोजक पूरनसिंह, व्याख्याता लक्ष्मणसिंह सारण, भीमसिंह सूरत, बैंक मैनेजर लक्ष्मणसिंह जयपुर, मनोहरसिंह भभाण, बदनोर सम्भाग अध्यक्ष प्रतापसिंह, प्रधान कोषाध्यक्ष प्रकाशसिंह रावत ने विभिन्न सर्कल चुनाव स्थलों पर पहुंचकर सामाजिक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

## सर्वसम्मति से आस्था हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष बने पवन शर्मा



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय आस्था हेल्पिंग हैंड्स गुलाबपुरा की बैठक श्री मनसापूर्ण बालाजी मंदिर में आयोजित हुई ' बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया ' जिसमें अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष पिंटू वैष्णव, अखिलेश शर्मा सचिव, अरविंद राव सह सचिव, सुरेश शर्मा कोषाध्यक्ष, जगदीश चोबे सह कोषाध्यक्ष, शंकर सेन मीडिया प्रभारी, नवनीत जागिड़ सह मीडिया प्रभारी, सत्यनारायण प्रजापत विधि सलाहकार, परमेश्वर शर्मा, राजेंद्र रैगर, संगठन मंत्री, हरीश शर्मा, राजेंद्र माली,प्रवक्ता दिनेश राजपुरोहित को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। नवीन कार्यकारिणी द्वारा शहर के तीन मुख्य चौराहों पर जल मंदिर संचालन, गौ माता के लिए विभिन्न 11 जगह पर पानी की टंकी रखवाने का एवं पक्षियों के लिए परिंडे बांधने का निर्णय लिया गया। बैठक में भाग चंद, मुकेश शर्मा, सोनू व्यास,बजरंग सिखवाल, भरत व्यास, भारत टेलर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मौजपुर में सकल जैन समाज ने मनाई गई महावीर जयंती




गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका क्षेत्र गांव मौजपुर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जी के 2622 वे जन्म



कल्याणक महोत्सव मनाया गया। मोहित जैन ने बताया की मुख्य रबाजार, बस स्टैंड से भगवान जी की पालकी व शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर महिलाओं व बच्चों ने हिस्सा लिया। ढोल नगाड़े भजनों से नाचते हुए जैन समुदाय के लोग शोभायात्रा निकाल कर वापस मंदिर पहुंचे। जहां सभी को जलपान, ठंडाई, खाने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में जैन समाज अध्यक्ष रामेश्वर दयाल जैन, भाजपा नेता प्रदीप जैन, शांति जैन, विनोद जैन, तेजप्रकाश जैन, रजत, संतोष, नरेश के अलावा जैन समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद ओम माथुर का पिनान में भाजपाइयों ने किया स्वागत

## माथुर ने भाजपाइयों को एकजुटता का दिया सन्देश





गरीबों का सितारा



**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति सदस्य, छत्तीसगढ़ प्रभारी तथा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सांसद ओम माथुर के जयपुर से दिल्ली जाते समय दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर भाजपाइयों के द्वारा पूर्व जिला मंत्री प्रदीप जैन के नेतृत्व में स्वागत किया गया। भाजपा नेता तूफान सिंह बन्ना ने बताया कि भाजपाइयों ने पूर्व सांसद ओम माथुर का साफा बन्धन व माल्यापर्ण कर स्वागत किया। बाद में पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय समर्थलाल मीना ने ओम माथुर को विधानसभा का फीडबैक दिया। वही उन्होंने भाजपाइयों से आपसी मतभेद भुलाकर आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटने और राजस्थान में पार्टी को प्रचंड बहूमत से सत्ता में लाने की बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय समर्थलाल मीणा, पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश यादव, पूर्व जिला मंत्री प्रदीप जैन, युवा भाजपा नेता तूफान सिंह बना, सौरभ साहू, प्रमोद शर्मा, महावीर सिंह गुर्जर, गाजी मीना, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रामनिवास यादव, ओबीसी मोर्चा के महावीर सिंह गुर्जर, कैलाश साहू, दीपेश जैन, राजगढ़ नपा चेयरमैन सतीश दुहारिया, सुरेश महेता सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

# महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर फहराया जैन ध्वज



गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** महावीर जन्म कल्याणक दिवस के उपलक्ष में महावीर कीर्ति स्तंभ अहिंसा सर्किल अजमेरी गेट बाहर जैन ध्वजारोहण कार्यक्रम रखा गया ' महावीर कीर्ति स्तंभ समिति के उत्तम भंडारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र कुकलोल द्वारा जैन ध्वज फहराया गया। भारी पुरुष और महिला जनसमूह के बीच मुख्य अतिथि का स्वागत तिलक माला साफा व शॉल से गौतम संचेती उत्तम भंडारी सुमन धगड़ा प्रकाश गदिया धनराज राकां व ज्ञान चंद कोठारी द्वारा किया गया। अंजली बाबेल द्वारा वीर प्रभु महावीर के भक्ति गीतों व मंगलाचरण के साथ शुभारंभ व संचालन किया गया। अंजली बाबेल ने कीर्ति स्तंभ के इतिहास व जिर्णोद्धार में आर्थिक सहायता देने वाले सभी सहयोगियों के बारे में बताया। वर्तमान में चल रहे निर्माण के कार्य करने वाले मिस्त्री व उसकी टीम का स्वागत भी तिलक माला साफा व शॉल से राजेंद्र ओस्तवाल शांतिलाल शाह संपत बांठिया ललित कावड़िया हस्तीमल संचेती द्वारा किया गया। बैंड की स्वर लहरियों के बीच में ठंडाई का प्रोग्राम भी रखा गया। कार्यक्रम में जैन समाज के गणमान्य नागरिक बाबूलाल नाबेड़ा सुरेश खींचा प्रकाश मेहता सिद्धार्थ जैन सुरेंद्र ओस्तवाल महेंद्र सांखला महावीर बाफना दिलीप बाबेल प्रवीण बडोला अशोक पारलेचा अनिल डोसी जसवंत बाबेल हुक्मीचंद ललवाणी कैलाश भंडारी विनय कावड़िया रवि सुराणा दुलीचंद मकाणा प्रकाश मकाणा सहित सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे । वीर प्रभु महावीर स्वामी के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## बहरोड़ विधायक बलजीत यादव ने काले कपड़े पहन लगाई दौड़

गरीबों का सितारा

**बस्सी।** बहरोड़ विधायक बलजीत यादव पिछले कई दिनों से बेरोजगार युवाओं एवं किसानों की विभिन्न मांगों को राज्य सरकार से मनवाने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उपखंड मुख्यालय पर काले कपड़े पहन कर दौड़ लगा रहे हैं ' इसी मौके पर विधायक बलजीत यादव बस्सी पहुंचे बस्सी पहुंचने पर राजकीय महाविद्यालय बस्सी छात्रसंघ अध्यक्ष महावीर जोशी व छोटू राम मीणा पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बहरोड़ विधायक बलजीत यादव का 51 किलो की माला व साफा बंधवाकर जबरदस्त तरीके से स्वागत किया गया इस दौरान युवा नेता मुकेश चावंडिया, समाज सेवी डॉ.मुलचंद मीणा ,आशीष बन्दावला सहित सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक ने बस्सी मुख्य बस स्टैंड से लेकर गंगाधाम मोड तक दौड़ की जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा मौजूद रहे ' इस दौरान विधायक यादव ने कहा कि सरकार को राजस्थान के बेरोजगारों के लिए प्रस्ताव पारित करके अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले साथ ही यादव ने कहा कि राजस्थान के सभी विभागों में राजस्थान के युवा नौकरी कर सकें और यादव ने कहा कि अभी हाल ही में हुई ओलावृष्टि और बारिश से हुए किसानों को अपनी फसल के लिए राज्य सरकार से मांग की कि किसानों को राजस्थान सरकार उचित मुआवजा दे जिस से किसानों को आर्थिक सहायता मिल सके इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## विवेकानंद विद्यापीठ में हर्सोल्लास से मनाया गया वार्षिक उत्सव उड़ान फोर्थ



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** आगूंचा विवेकानंद विद्यापीठ उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वारा वार्षिक उत्सव रूद्र मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया ' उड़ान 4इँ का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण शर्मा (संस्कार भारती केंद्र विद्या प्रमुख) व कैलाश नागला , सांवर लाल गुर्जर ग्रामीण मंडल प्रमुख ( भा ज पा) सुरेंद्र माहेश्वरी प्रधानाचार्य तसवरिया, राज नायर (विवेकानंद केंद्र कार्यकर्ता ) राजेंद्र माहेश्वरी रक्त प्रेरणता, गोविन्द लड्डा, बाबू लाल रेगर वरिष्ठ अध्यापक,सांवर कुमावत पुलिस चौकी प्रभारी आगुचा द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। श्री गणेश गीत नृत्य द्वारा बच्चों ने शुभारंभ किया वेलकम डांस के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं प्रधानाचार्य सांवर लाल बेरवा व सचिव भागचंद बैरवा ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सत्र 2022- 23 में शैक्षिक वर्ष में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विवेकानंद विद्यापीठ बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अनेक प्रेरणादायक गीत नृत्य नाटिका उद्बोधन एक्शन प्रस्तुत किए.श्री खाटू श्याम जीवन दर्शन , मां काली द्वारा रक्त बीज संहार,बच्चों पर मोबाईल का प्रभाव , राजस्थानी नृत्य रूनिजा रा श्याम, चंद्रमुखी, जल संरक्षण, रोमांच से भरा हुआ एकल नृत्य कार्यक्रम में आगूचा ग्रामवासी व वरिष्ठ एवं बुद्धिजीवी विवेकानंद विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा ।

## सकल जैन समाज ने मनाया भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय सकल जैन समाज द्वारा सत्य अहिंसा का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ' जयंती पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया एवं शहर में भव्य जयकारों व गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई ' इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हस्तीमल चौधरी, समाजसेवी बसन्ती लाल काल्या, एडवोकेट प्रदीप रांका, राजेन्द्र कुमार चौरडिया, निर्मल रांका, लक्ष्मीलाल धम्माणी, प्रेम मेडतवाल, शंभू लाल लोढ़ा, सरदार सिंह बंब, सहित सैकड़ों सकल जैन समाज के गणमान्यजन, महिलाऐं मौजूद रहे।

## आकोदा मीना में परित बाबा का चबुतरा बनाकर किया भण्डारा

गरीबों का सितारा

**रैणी अलवर, अशोक कुमार मीना।** रैणी उपखण्ड क्षेत्र के भूडा पंचायत के ग्राम आकोदा मीना में



सभी ग्राम वासियो द्वारा परित बाबा (परेत राज महाराज) के चबुतरे ( स्थान ) का निर्माण करके एक गुंबज बनवाया गया 'परित बाबा का स्थान सभी गाँव वासियो का एक ही जगह पर निर्मित है ' धार्मिक मान्यताओं के अनुसार परित बाबा की सभी गाँव वासियो के द्वारा एक जगह पर पुजा अर्चना की जाती हैं और साथ ही दुर दराज से आए लोग भी बाबा की मानता रखते हैं ' माना जाता है कि परित बाबा सभी का दुख दर्द दुर करते हैं ' इस मौके पर शनिवार को रामायण पाठ बैठाया गया और सोमवार को हवन पूजन करने के बाद सभी को भण्डारे के रूप में प्रसादी वितरित की गई ' हवन पूजन के बाद महिलाओं के द्वारा परित बाबा, भैरुजी, भौमिया के भजन कीर्तन किया गया और सभी आकोदा मीना के निवासियों का पुरा सहयोग रहा इस मौके पर सभी गाँव वासी मौजूद रहे।

# पीसीसी में कांग्रेस के युवा नेतृत्व की खोज हेतु टैलेंट हंट कार्यक्रम संपन्न

## एआईसीसी के अग्रिम संगठन राजीव गांधी पंचायती राज के तत्वावधान में सभी संभागों पर आयोजित होगा टैलेंट हंट कार्यक्रम

### युवा नेतृत्व की खोज के साथ-साथ प्रशिक्षण के माध्यम से विकसित किया जाएगा नेतृत्व कौशल:प्रो. सी. बी. यादव





गरीबों का सितारा

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अग्रिम संगठन राजीव गांधी पंचायती राज संगठन( आरजीपीआरएस ) की ओर से नए कांग्रेस पार्टी के दूसरी पंक्ति के नेतृत्व की खोज करने के लिए टैलेंट हंट आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संपन्न हुआ। संगठन के नवनियुक्त राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी.बी. यादव ने बताया कि जयपुर संभाग के कुल 180 जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए साक्षात्कार दिया। जिनमें से कुल 25 प्रतिभागियों का चयन भविष्य के नेतृत्व की लिए किया गया है। एआईसीसी सचिव सचिन नायक तथा राजस्थान के प्रभारी रोशन रायकवार के मार्गदर्शन में गठित टीमे पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के वर्तमान एवं पूर्व युवा जनप्रतिनिधियों के साक्षात्कार लिए। चयनित युवा नेताओं को प्रशिक्षण देकर नई जिम्मेदारियां दी जाएगी। जिन विधानसभाओं में कॉन्ग्रेस पार्टी का नेतृत्व कमजोर है अथवा लगातार 2 या इससे अधिक बार पार्टी चुनाव हार रही है ऐसी विधानसभाओं में नए नेतृत्व को उभारने पर अधिक बल दिया जाएगा। इसके लिए संगठन द्वारा आवेदन प्राप्त किए गए हैं अब तक 1000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। 4 अप्रैल को अजमेर, 5 अप्रैल को उदयपुर, 6 अप्रैल को जोधपुर, 7 अप्रैल को बीकानेर एवं 8 अप्रैल को कोटा में यह संभाग स्तरीय टैलेंट हंट कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम का संयोजन विकास बुडानिया एवं दशरथ मीणा द्वारा किया जा रहा है। साक्षात्कार के गुरु एक मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें समकालीन परिस्थितियों के समक्ष कांग्रेस नेतृत्व की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। एआईसीसी सचिव सचिन नायक, आरजीपीआरएस राजस्थान के प्रभारी रोशन रायकवार, और जीपीआरएस प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी.बी.यादव पीसीसी मुख्यालय प्रभारी रामसिंह कस्वा, जयपुर उप जिला प्रमुख मोहन डागर, पीसीसी सचिव जसवंत गुर्जर, आरजीपीआरएस के प्रतिनिधि बलराम यादव,नटवर सिंह, दशरथ मीणा एवं विकास बुडानिया आदि ने भी संबोधित किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# बिहार व प. बंगाल में हिंसा रोकें सरकारें

बिहार और पश्चिम बंगाल में हिंसा चिंताजनक है। रामवनमी पर जुलूस के दौरान दोनों ही राज्यों में हिंसा और उपद्रव हुए हैं। बिहार के सासाराम व बिहारशरीफ में हिंसा, पत्थरबाजी, उपद्रव हुए हैं तो पश्चिम बंगाल में हावड़ा के बाद हुगली में हिंसा व आगजनी भड़क उठी है। दोनों राज्यों की सरकारें हिंसा रोकने में विफल साबित हो रही हैं। बिहार के सासाराम में हिंसक स्थिति के चलते गृहमंत्री अमित शाह को अपना निर्धारित कार्यक्रम रद करना पड़ा। यह बिहार की कानून-व्यवस्था के लिए शर्मनाक स्थिति है कि केंद्रीय गृह मंत्री को अपना कार्यक्रम रद करना पड़े। सुशासन बाबू नीतीश कुमार को राज्य की कानून व्यवस्था को सख्ती से संभालना चाहिए। दोनों ही राज्यों में घटनाओं में साम्यता है कि धार्मिक अवसर पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा भड़की है, जबकि राज्य पुलिस ऐसे अवसरों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम करती है और विशेष रूट भी निर्धारित करती है। इसके बावजूद अगर हिंसा व उपद्रव हो रहें हैं, लोग घायल हो रहे हैं, पुलिसकर्मी घायल हो रहे हैं, संपत्तियां नष्ट हो रही हैं, तो बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर सवाल उठेंगे ही। मुख्यमंत्री नीतीश व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दायित्व है कि अपने अपने राज्यों में कानून व्यवस्था बनाए रखें। धार्मिक व जातीय हिंसा हमेशा समाज में दूरियां पैदा करती हैं, देश के माहौल को बिगाड़ती है। राज्य सरकारों का संवैधानिक कर्तव्य है कि किसी भी सूरत में हिंसा ना होने दें। कानून-व्यवस्था को सख्त रखना राज्य प्रशासन का काम है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह बार बार हिंसा हो रही है और उसमें राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की संलिप्तता की बात सामने आ रही है, उससे इसके सुनियोजित होने के आसार प्रतीत होते हैं। पश्चिम बंगाल में इस साल 2000 से ज्यादा जगहों पर रामनवमी के जुलूस निकालने की अनुमति प्रशासन ने दी थी, तो उसने सुरक्षा का इंतजाम भी किया होगा। ऐसा में हिंसा व उपद्रव का होना प्रशासन की विफलता नहीं तो और क्या है? हावड़ा में एक साल के भीतर 3 बड़ी हिंसा हुई हैं। 10 अप्रैल 2022, 11 जून 2022 और 30 मार्च 2023 को हावड़ा में हिंसा व उपद्रव हुए हैं। इनमें से दो बार रामनवमी के दिन हुए हैं। हावड़ा राजधानी कोलकाता के करीब है और यहां राज्य का मुख्य सचिवालय भी है। इसके बावजूद आखिर क्या वजह है कि हावड़ा हिंसा की आग में हर बार झुलस जाती है? हावड़ा के बाद अब हुगली में भी हिंसा और आगजनी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों पर पथराव किया गया, वाहनों में तोड़फोड़ की गई। आखिर पश्चिम बंगाल की पुलिस क्या कर रही है? ममता सरकार उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रही है? क्या यह कानून व्यवस्था का प्रश्न भर है, या इसके पीछे राजनीतिक ध्रुवीकरण की साजिश भी है? जांच होनी चाहिए। पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद जिस तरह सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस व भाजपा के बीच बयानबाजी होती है, वह भी शर्मनाक है। टीएमसी की सरकार को हिंसा पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, तो उसके नेता बयान देकर उपद्रवियों के डर को खत्म कर रहे होते हैं। यह स्थिति लॉ एंड ऑर्डर की राह में बड़ी बाधा है। उपद्रवियों के मन में पुलिस व कानून का खौफ होना चाहिए। समाज को बांट कर, समाज में जहर घोलकर आखिर कैसी राजनीति की जा रही है? उपद्रवियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो आखिर सरकार का मतलब क्या रह जाता है? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं, बिहार व बंगाल में हर हाल में शांति व्यवस्था बहाल होनी चाहिए।

## कृषि संकट

विकेश कुमार बडोला



# बेमौसम बारिश की मार से बेहाल आधा भारत

माघ के उत्तरार्द्ध से लेकर अभी तक पूरे उत्तर और मध्य भारत का मौसम अपूर्व रूप में अस्थिर है। पांच-छह बार तेज बारिश हो चुकी है। ओलों की बौछारें हो चुकी हैं। बर्फबारी भी हुयी है। इतना ही नहीं, बारिश, ओलों और बर्फबारी के साथ-साथ अंधड़, आंधी, तूफान ने जन-जीवन अत्यंत असहज कर दिया है। किसानों पर इस विकृत ऋतु परिवर्तन का सर्वाधिक बुरा प्रभाव पड़ा है। खेतों पर खड़ी उनकी फसलों को नुकसान हुआ हैं। कहीं-कहीं तो बेमौसम बारिश का असर इतना रहा कि फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। अगैती रबी की फसलें भी खेतों से कट नहीं पाई थीं कि मौसम की मार शुरू हो गई। पिछैती रबी की फसलों की तो और भी ज्यादा दुर्गति हो गई है। अगैती फसलें पक कर कटने को तैयार थीं और वर्षा में गीली-सीली हो चुकी हैं। अब तेज धूप में उन्हें सुखाकर काट-छांट कर सुरक्षित रख दिया जायेगा। लेकिन पिछैती फसलें तो अभी पूरी तरह पकी भी नहीं थीं। वे वर्षा में गीली तो हुई हैं साथ ही तेज अंधड़ और ओला व बर्फबारी से वे धराशायी भी हो गईं। ऐसे में जलवायु स्थिर होने और तेज सूर्यप्रकाश के बाद उनके पकने में समय लगेगा। पैदावार की ऐसी समय-बढ़ोतरी फसलों के लिये ही हानिकारक नहीं होती, अपितु इससे किसानों की किसानी लागत में भी वृद्धि होती है। परिणामस्वरूप, बाजार में भी अनाज के लेन-देन में महंगाई होती है। इससे अंततः संपूर्ण अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। संपूर्ण उत्तर एवं मध्य भारत में गेहूं, सरसों, चना, इत्यादि की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हुई है। जो फसलें कुछ हद तक मौसम की मार से बची भी हुई हैं, उनका समयबद्ध निस्तारण भी तब ही संभव हो पायेगा जब मौसम में ठहराव आयेगा। जब तक ऋतु में फाल्गुन-चैत्र की प्राकृतिक स्थिरता नहीं आयेगी, तब तक फसलों की निर्विघ्न कटाई-छंटाई और भंडारण आसान नहीं होगा। ऋतु का यह दुष्चक्र फसलों की बर्बादी तक ही सीमित नहीं है। इस ऋतु में बीमारियां भी नये-नये संक्रमण फैलाती हैं। कोरोना और सर्दी-खांसी-जुखाम से पीड़ति लोग इस वातावरण में पहले से ज्यादा परेशान होते हैं। स्वास्थ्य व्यवस्थायें चरमरा जाती हैं। इस प्रकार व्यक्ति का सामान्य जीवन आखिर में कष्टों के चक्रव्यूह में फंस के रह जाता है।

जलवायु विकृतियों, पर्यावरण के असंतुलन और बेमौसम बरसात से पीड़ति जन-जीवन की चिंताओं से अलग देश के राजनेता भौंडी और किंचित अस्वीकार्य राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे। केंद्र में विपक्ष के रूप में मौजूद कांग्रेस की दलगत नीतियां सज्जन और संवेदनशील भारतीय के लिये भयानक सिरदर्द बन चुकी हैं। और जिन राज्यों में कांग्रेसी सरकारें हैं वहां भी सरकारों और नेताओं द्वारा ऐसा ही सिरदर्द उत्पन्न किया जा रहा है। केंद्र में विपक्ष में रहते हुये सत्तापक्ष को वैश्विक और देशज स्तर पर असंतुलित होते जा रहे पर्यावरण पर अच्छे सुझाव देने तथा समग्र पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में मिलजुल कर काम करने के बजाय विपक्ष अति अनावश्यक विवाद ही पैदा कर रहा है। ऐसे में देश नहीं चल सकता। ऐसे में लोकतंत्र मजाकिया नौटंकी के सिवा कुछ भी प्रतीत नहीं होता। अतः विपक्ष अपनी जिम्मेदारी समझे। जनता के प्रति अपने कार्य दायित्वों का एहसास करे और इसी अनुरूप अपनी नीतियां बनाकर उन पर चले। मौसम की अस्थिरता और विचलन की समस्या आज किसी भी देश की उसकी अपनी अकेली समस्या नहीं है। इस समस्या की उत्पत्ति किसी विशेष देश के मानचित्र को देखकर तय नहीं होती। यह वैश्विक समस्या है। यदि जलवायु प्राकृतिक रूप में नहीं रहेगी तो पृथ्वी का जीवन ही संकट में आ जायेगा। जनसंख्या के बोझ ने राष्ट्र के लिये पहले ही बड़ी चुनौती खड़ी कर रखी है। जनसंख्या के केंद्रीकरण यानी सुविधाजनक शहरों में ज्यादा से ज्यादा आबादी के सीमित स्थान पर रहने से जनसंख्या के सहघनता की नई समस्या खड़ी हो गई है। ऐसे में मौसम के दिन प्रतिदिन बिगड़ते रुख से हम मूलभूत जीवन आवश्यकताओं का समुचित प्रबंध भी कैसे कर पायेंगे? स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक खाद्यान्न, उत्तम स्वास्थ्य सुविधायें और संतुलित राष्ट्रीय प्रगति हेतु अनिवार्य एक-एक नागरिक के शिक्षा-अधिकार से लेकर के उसके मताधिकार तक की शिकायतमुक्त व्यवस्था कैसे क्रियान्वित होगी? इसलिये लोकतंत्र और इसके पक्ष-विपक्ष को प्रकृतिजनित और अयोग्य राजनीतिजनित समस्याओं के निस्तारण की दिशा में ही कार्य करना चाहिये।



खरी-खरी

डॉ. चन्द्र त्रिखा

# शांति के कबूतर तो कब के उड़ चुके

कभी-कभी ऐसा नहीं लगता कि पूरा सामाजिक परिवेश ही बीमार पड़ने लगा है? दूर-दूर तक सुख-शांति का कोई नामोशिान नहीं। पूरा देश, '...हटाओ', 'बचाओ...' के नारों में व्यस्त है। हर नेता पर 'चोरी' या 'चोरों से यारी' के आरोप चस्पां हो रहे हैं। तो क्या मान लिया जाए कि हम सब, 'चोरों की बस्ती' के वासी हो गए हैं? इस स्थिति से उबरना ज़रूरी हो चला है। इस तथ्य को स्वीकार करें कि व्यावहारिक धरातल पर विकास के अनूठे द्वार खुले हैं। मगर सौहार्द व पारस्परिक स्नेह-संवाद की फसलें निरंतर बर्बाद होती जा रही हैं और यह ऐसी बर्बादी है, जिस पर कोई मुआवज़ा तो क्या मिलेगा, जुर्माना अवश्य लगता है।

चौतरफा शोर है। कहीं राहुल, कहीं अडाणी, कहीं 'नफरती गैंग', कहीं इंदौर के मंदिर की दुर्घटना को लेकर चीखो-पुकार, आरोप-प्रत्यारोप, संसद चल नहीं पाई। श्रद्धा भाव और आध्यात्मिक सुख का अहसास दिए बिना ही नवरात्रे बीत गए। रामनवमी भी अगले वर्ष तक के लिए बीत गई। रमज़ान की नमाज़ें भी शांति से कहां पढ़ी जा पा रही हैं? मन में सुकून न हो तो अल्लाह भी कहां जुड़ता है?

गुरुदेव टैगोर झकझोरते हैं, 'जप व भजन गान छोड़ो। आंखें खोलो, मंदिरों के कपाट खोलो। देखो! भगवान तो वहां मौजूद ही नहीं हैं। वह शायद उस ओर चला गया है, जहां हल चलाने वाला, पथरीली कठोर भूमि को जोत रहा है। मशक्कत हो रही है, बंजर को उपजाऊ बनाने की।' एक दिशा में अल्लाह का नूर बरसता है, दूसरी ओर गुरु नानक अपने प्रिय शिष्य भाई मरदाना के साथ एक ओंकार का आलाप दे रहे हैं।

टैगोर फिर याद कराते हैं, ईश्वर ने तो सदियों पहले भी बता दिया था कि वह विनम्रता के वस्त्र पहनता है। भक्तों की कतार में सबसे पीछे खड़े विपन्न लोगों के घरों में अक्सर चला जाता है। उसे धूप भी पसंद है और पसीने की बारिश में भीगे मेहनतकश श्रद्धालु भी।

मगर रवींद्र नाथ टैगोर की कौन सुनेगा। यहां अमेठी के एक सारस को लेकर सियासी जंग छिड़ी है। वहां एक घायल सारस को पगडंडी के एक तरफ तड़पते देखकर एक व्यक्ति उसे वहां से उठाकर घर ले आया। उसकी मरहम पट्टी की। दाना चोगा, दिया, पानी पिलाया। घावों पर हल्दी का लेप लगाया। एकाध दिन बाद सारस अपनी लम्बी गर्दन उठाकर आसपास की दुनियां को देखने लगा। मददगार की आंखें भी नेकी व सुख के एहसास से सरोबार थीं। सारस और उस इंसान की इस मुहब्बत की चर्चाएं फैलने लगीं। तभी एक राजनेता भी उस दिलचस्प मुहब्बत का गवाह बनने वहां आ धमके। उनके आगमन के साथ ही विरोधियों को लगा, कहीं लोकप्रियता की इस धुन में नेताजी उस सारस-प्रेमी को चुनावी टिकट ही न थमा दें। तभी सरकारी कारिंदों ने वहां छापा मारा। सारस को वहां से ले जाकर एक चिड़िय़ाघर में डाल दिया गया। सारस-प्रेमी शख्स को एक वन्य प्राणी को घर में कैद करने के आरोप में सलाखों के पीछे धकेल दिया।

दरअसल, सारस व उसे बचाने वाले व्यक्ति के चर्चे ना सिर्फ सोशल मीडिया पर हैं, बल्कि प्रत्येक इंसान की जुबां पर भी हैं। लोगों में सारस के संबंध में जानने की प्रवृति और जिज्ञासा बढ़ गई है। सारस जबसे चर्चाओं में आया है, लोग गूगल पर सारस के बारे में सर्च कर रहे हैं। सारस की विभिन्न प्रजातियों के संबंध में जानकारियां जुटा रहे हैं। हम कह सकते हैं कि सारस की इस घटना ने शासन प्रशासन, सियासत और पक्षी प्रेमी सबको गहरी नींद से जगा दिया। अब इसी प्रकरण को लेकर पूरे क्षेत्र में सियासत की आग धधक रही है। धीरे-धीरे मज़हबी नेता भी रमज़ान को भूलकर उसी आग को हवा देने में लग गए और अब मामला अदालत में है। अगली सुनवाई तक तनाव जारी रहेगा। परिंदों को राजनेताओं की भाषा, नारे व धरने समझ नहीं आते। मगर अब वे भी सावधान रहेंगे। लाख घाव आएं, मगर इंसानों की मदद से दूर रहने में ही उनका भला है।



हर वर्ष हमारे देश की कुछ झीलों व नदियों के किनारों पर विदेशों से भी परिंदे आते रहे हैं। चंडीगढ़, सुल्तानपुर, हरीके पत्तन व अन्य स्थानों पर इन विदेशी परिंदों के स्वागत में जश्न भी होते हैं। मगर इस बार शायद परिंदे भी डरे-डरे रहेंगे। क्या मालूम, कहां पर उन्हें कौन सा राजनेता या दल, सियासी मुद्दा बना डाले।

बात मामूली है। एक सारस व एक मामूली इंसान की प्रेम कथा। मगर यह पहलू बेहद खतरनाक है कि कोई भी सियासी-शिकारी किसी मासूम सारस को अपने जाल में फंसा ले जाए और नारा लगाने लगे 'सारस जी! संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं।'कानपुर चिड़िय़ाघर के निदेशक केके सिंह के अनुसार, अभी सारस को 15 दिन के लिए पृथक किया गया है, इसलिए निगरानी करने वाले व्यक्ति के अलावा कोई भी पक्षी से नहीं मिल सकता, ना ही उसके पास जा सकता है।

सपा नेता अखिलेश यादव ने सारस के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि सारस प्रेमी आरिफ ने बहुत अच्छा काम किया और उसकी समय पर मदद की। इलाज कराया और उसकी जान बचाई। इसके बाद सारस उसका मित्र बन गया। कायदे से आरिफ को सम्मानित करना चाहिए था। उत्तर प्रदेश में इटावा और मैनपुरी ऐसे जिले हैं जहां सारस पक्षियों की संख्या पांच हजार के आसपास पाई जाती है। इसी वजह से समाजवादी सरकार में इटावा में सारस संरक्षण केंद्र की स्थापना का खाका तैयार किया गया था, जिस पर एक करोड़ की शुरुआती राशि भी जारी कर दी गई थी। इस पर करीब दो करोड़ के खर्च होने की संभावना थी। एक हरियाणवी नेता ने तो कह डाला है, 'चाळा तो फेर पाटैगा, जद कोए राजनीतिक पार्टी आरिफ नै टिकट देण पै अड़ जैगी'।

कभी-कभी ऐसा नहीं लगता कि पूरा सामाजिक परिवेश ही बीमार पड़ने लगा है? दूर-दूर तक सुख-शांति का कोई नामोशिान नहीं। पूरा देश, '...हटाओ', 'बचाओ...' के नारों में व्यस्त है। हर नेता पर 'चोरी' या 'चोरों से यारी' के आरोप चस्पां हो रहे हैं। तो क्या मान लिया जाए कि हम सब, 'चोरों की बस्ती' के वासी हो गए हैं?

इस स्थिति से उबरना ज़रूरी हो चला है। इस तथ्य को स्वीकार करें कि व्यावहारिक धरातल पर विकास के अनूठे द्वार खुले हैं। प्रौद्योगिकी पिछले एक दशक में काफी विकसित हुई है। सीमा-सुरक्षा की दिशा में अभूतपूर्व मज़बूती आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी छवि अब एक मज़बूत राष्ट्र की है। मगर सौहार्द व पारस्परिक स्नेह-संवाद की फसलें निरंतर बर्बाद होती जा रही हैं और यह ऐसी बर्बादी है, जिस पर कोई मुआवज़ा तो क्या मिलेगा, जुर्माना अवश्य लगता है।

(लेखक वरिष्ठ विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना




संकलित

## दर्शन

'योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना है।' योग सिर्फ कसरत नहीं है, बल्कि किसी विशेष परिस्थिति में दक्षता के साथ यदि आप कार्य कर रहे हैं, तो वह भी योग ही है। नवीनता, पूर्वाभास, कौशल और बेहतर संवाद, ये सभी योग के ही प्रतिफल हैं। यह शरीर, मन और भावनाओं को सार्वभौमिक ऊर्जा के साथ जोड़ता है। योग का अर्थ है- जोड़ना। जीवन के समस्त तत्वों को विधिवत जोड़ना। धन से हमें खुशी और आराम मिलता है। योग एक ऐसा धन है, जिससे हमें संपूर्ण आराम मिलता है। योग से न सिर्फ हमारा शरीर रोगमुक्त होता है, बल्कि समाज भी हिंसा रहित होता है। संशय से मुक्त मन, बुद्धि की स्पष्टता, आघात मुक्त स्मृति और दुख से मुक्त आत्मा तो प्रत्येक मानव जीवन का अधिकार है। सभी लोग इस मकसद को पाने के लिए तड़प रहे हैं। योग इसका आसान-सा उत्तर है। लोग सोचते हैं कि योग महज कसरत भर है। ऐसा नहीं है। आज यह जानकर प्रसन्नता होती है कि योग के महत्व को पहचानकर उसे मुख्य धारा में लाया जा रहा है। विश्व भर में योग आराम, खुश रहने और रचनात्मकता का पर्याय माना जाने लगा है। योग तो व्यक्ति का व्यवहार बदल देता है। व्यवहार व्यक्ति के तनाव के स्तर से सीधे संबंध रखता है। यह उस व्यक्ति में मित्रता के भाव जाग्रत करता है। योग हमारे वाइब्रेशन में फर्क लाता है। हम अपनी उपस्थिति से कई बार बहुत कुछ अभिव्यक्त कर देते हैं, जितना कि हम बोलकर नहीं कर सकते।

# मन की एकाग्रता जरूरी, चंचलता से भटकाव



संकलित

## प्रेरणा

जिसने भी अपने मन को साध लिया उसके लिए हर लक्ष्य आसान हो जाता है। मन की एकाग्रता हमें हमारी आत्मा से साक्षात्कार कराकर हमारी सफलता के नए द्वार खोलती है। इसलिए आज से ही मन को साधने में जुट जाइए। मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार-बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। मन का अधिक झुकाव विषयों एवं विकारों की तरफ रहता है। वहां पर हमें इसको बांधने और रोकने की जरूरत महसूस होती है। इसके लिए गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं, 'हे अर्जुन यदि तुम धीर मति वाले और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हो तो मन की चंचलता पर काबू पाया जा सकता है। मन का मुंहजोर घोड़ा आरंभ में सवार को अपनी पीठ पर आसीन नहीं होने देता है, लेकिन अगर बार-बार कोशिश की जाए तो वह उसे सवार भी होने देगा, उसकी बात मानेगा और उसकी इच्छा के अनुसार चलेगा भी, पर सबसे कठिन होता है मन को किसी एक लक्ष्य पर टिका कर रखना। मन के दृढ़ निश्चयी होने पर ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी को कहते हैं अभ्यास की तलवार चलाना।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत में डिजिटल लेन-देन की चुनौतियां

देश का हर पल एक पैसा भी विदेश जाने से बचे तो यह हमारे देश के लिए बहुत अच्छा है। डिजिटल लेन–देन के लिए जो विदेशी किसी भी तरह के प्लेटफार्म है वो हमारे देश के लिए उचित नहीं है, क्योंकि इनके जरिए हमारे देश का पैसा विदेश जाता है। शायद इसलिए ही मोदी सरकार ने स्वदेशी रूपे कार्ड और भीम यूपीआई का श्रीगणेश किया। लेकिन हमारा देश गांवों का देश है और यहां अशिक्षित लोगों का आंकड़ा भी कम नहीं है। इसलिए हमारे यहां डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा मिलना भी मुश्किल है। इसमें कुछ समस्याएं भी आम लोगों को पेश आ रही हैं। इसमें मुख्यत: साइबर अपराध और ट्रांजैक्शन फेल आदि हैं।

*–विकास ठाकुर*

## करंट अफेयर

# इटली में अब अंग्रेजी पर लग सकता है 89 लाख का जुर्माना

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की राजनीतिक पार्टी द ब्रदर्स ऑफ इटली इटालियन भाषा को बढ़ावा देने के मकसद से एक बड़ा फैसला कर सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी भाषा खासकर इंग्लिश का उपयोग करने वाली सार्वजनिक और निजी संस्थाओं पर 89 .3 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसे लेकर सरकार की ओर से एक विधेयक प्रस्तावित किया है। सरकार को लगता है कि विदेशी भाषाओं का बढ़ता उपयोग देश की सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करता है और उसकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि अभी इस बिल को संसद में पेश किया जाना बाकि है। इसके अलावा बिल में यह भी कहा गया है कि इटली में काम करने वाली कंपनियों में भी इटालियन भाषा को बढ़ावा दिया जाएगा। केवल उन विदेशी शब्दों की अनुमति होगी जिनका अनुवाद नहीं किया जा सकता है। सरकार का तर्क है कि अंग्रेजी का फैलाव से इटालियन भाषा वैल्यू कम हो सकती है और पूरे समाज में एक नकारात्मक असर पड़ता है। हालांकि, अब इस प्रस्ताव की काफी आलोचना भी हो रही है। कुछ लोगों का तर्क है कि यह इटली की अंतरराष्ट्रीय छवि और प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचा सकता है।



## ऑफ बीट

# गड़िया घाट माता मंदिर जहां पानी से जलते हैं दीये

आमतौर पर हिंदू धर्म में लोग मंदिरों में भगवान के सामने घी के दीये जलाकर पूजा–अर्चना करते हैं। लेकिन भारत में एक ऐसा मंदिर है जहां घी नहीं, बल्कि पानी के दीये जलाए जाते हैं। इस पर यकीन करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन वास्तव में यह सच है। उस मंदिर में ऐसा चमत्कार 50 सालों से होता आ रहा है। मध्य प्रदेश के गड़िया घाट में माता जी का एक ऐसा ही चमत्कारिक मंदिर है, जहां पानी के जलते दीये देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा होती है। माता जी का यह मंदिर कालीसिंध नदी के किनारे आगरा मालवा मार्ग के नलखेड़ा गांव से करीब 15 किमी. दूर स्थित गड़िया गांव के पास है। यहां के लोगों का मानना है कि मंदिर में पिछले 50 वर्षों से पानी का दीया जलाया जाता है। माना जाता है कि एक रात माताजी मंदिर के किसी पुजारी के सपने में आई थीं और उन्होंने पुजारी से कहा था कि कालीसिंध नदी का पानी दीये में डालकर मंदिर में दीया जलाए। अगली सुबह जब पुजारी ने नदी का पानी दीये में डालकर दीया जलाया तो सचमुच दीया जल गया। यह देखकर गांव के लोग हैरान रह गए। गांव वालों का कहना है कि दीये में पानी डालते ही वह तैलीय हो जाता है, जिसके कारण दीया जलने लगता है।



## ट्रेंड

### एक लीजेंड थे दुर्रानी

सलीम दुर्रानी जी महान क्रिकेटर थे और अपने आप में एक संस्थान थे। उन्होंने विश्व क्रिकेट में भारत के उत्थान में अहम योगदान दिया। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और मित्रों को सांत्वना। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### पहले घर सुधारे कांग्रेस

कांग्रेस को विपक्षी एकता बनाने के लिए पहले अपना घर सुधारना चाहिए। विपक्षी दलों के सामने कई विकल्प हैं तथा इस देश के पास नेतृत्व का खजाना है। हम इस देश तथा लोकतंत्र की रक्षा करने में सबसे आगे खड़े होंगे।

-एचडी देवेगौड़ा, पूर्व प्रधानमंत्री



### अकेलापन महसूस कराता है

नेतृत्व पूरी तरह अकेलापन महसूस कराता है और वह इससे गुजर चुके हैं। नेतृत्व सही काम करने और उन सैकड़ों और हजारों लोगों का विश्वास बढ़ाने के बारे में भी है जो मार्गदर्शन के लिए आपकी ओर देखते हैं।

-नारायण मूर्ति, इंफोसिस सह संस्थापक



### अपूरणीय क्षति

अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सलीम दुर्रानी के निधन से क्रिकेट जगत और राजस्थान को एक अपूरणीय क्षति हुई है। राजस्थान व भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

-अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज़ ब्रीफ

## वैश्य समाज ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर किया अभिनंदन



गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** भगवान महावीर स्वामी के 2622 वे जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का वैश्य समाज संगठन कुचामन सिटी ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। वैश्य समाज अध्यक्ष राम काबरा, सचिव अशोक काला, पूर्व अध्यक्ष पवन जैन, उपाध्यक्ष मुरलीमनोहर स्नेही, कोषाध्यक्ष परमानन्द अग्रवाल, मार्गदर्शक मंडल के नंदकिशोर बिड़ला, मुरलीधर गोयल, संपत अग्रवाल, प्रदीप काला आदि ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर जैन वीर मण्डल के अध्यक्ष शोभागमल गंगवाल, सचिव सुभाष पहाड़ीया, अजमेरी मंदिर अध्यक्ष जयकुमार पहाड़ीया, नागौरी मंदिर अध्यक्ष सुमेरमल बज का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

## लक्ष्मणगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाई महावीर जी की जयंती

गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित जैन मंदिर मे सकल जैन समाज के तत्वाधान में सोमवार को भव्य महावीर जयंती महोत्सव मनाया गया। समाज के अध्यक्ष सुमेर चंद जैन एवं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष धीरज जैन ने बताया कि प्रातः छह बजे जैन मंदिर से प्रभात फेरी कस्बे के प्रमुख मार्गों पर होकर निकाली गई । जिसमें भगवान महावीर के जियो और जीने दो का अमर संदेश एवं जयकारों के साथ निकाली गई। तत्पश्चात आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में महावीर स्वामी का वृहत शांतिधारा एवं नित्याभिषेक की क्रिया संपन्न हुई। इसके समापन के बाद गाजे-बाजे के साथ दोपहर महावीर स्वामी की शोभायात्रा का जुलूस जैन मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य कस्बे के मुख मार्गो से होते हुए वापिस दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। महावीर जयंती के व्यवस्थापक सुमत चंद जैन ने बताया कि वात्सल्य अल्पाहार के पश्चात शाम जैन मंदिर में भगवान महावीर के बचपन में झूला झूलाई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम दीपकों से महा आरती का आयोजन किया गया।

## 14 साल से फरार ट्रैक्टर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा (बहरोड)।** जिला स्पेशल टीम ने अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए सोमवार को 14 साल से फरार चल रहे हाईवे पर ट्रैक्टर लूट के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी वीरेंद्र पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थाई वारंटी एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत घटना में फरार 45 वर्षीय हसनपुरा गपनियाला पुलिस थाना निवासी सुंदर सिंह उर्फ गोवर्धन पुत्र शैतान सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि 28 जुलाई 2009 को जागुवास निवासी कैलाश ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था कि मेरा ट्रैक्टर नांगल चौधरी से बजरी भरकर ट्रैक्टर ट्रॉली से हमारे गांव जागुवास आ रहा था। रात्रि करीब 10 बजकर 30 मिनट पर हाईवे के गूँती स्टैंड के पास पहुंचा तो गाड़ी में सवार 6-7 व्यक्तियों ने ट्रैक्टर के आगे आगे गाड़ी लगाकर कागजात मांगने लगे व कट्टा दिखाकर ड्राइवर को गाड़ी में पटक लिया व ट्रैक्टर छीनकर ले गए एवं ड्राइवर के हाथ पैर बांधकर छाबड़ियों की ढाणी में पटक गए।



## गंगापुर में महावीर जयंती पर निकाली शोभायात्रा



गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** सकल जैन समाज द्वारा सोमवार को महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समाज के लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रख कर चंद्रप्रभु मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली। जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। जहां महा आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। शोभा यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाएं केसरिया जबकि पुरुष सफेद परिधान पहने हुए थे। इससे पूर्व प्रातः दिगंबर जैन मंदिर में शांति धारा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में नगर सहित आसपास के गांवों के श्रावक एवं श्राविकाएं मौजूद रही ।

## जयकारों के साथ निकली भगवान महावीर की रथ यात्रा

गरीबों का सितारा

**मंडावर, (राहुल जोशी)।** श्वेतांबर समाज के तत्वाधान में सोमवार को भगवान महावीर की रथ यात्रा जयकारों के साथ निकली। जिसमे समाज के सैकड़ो महिला पुरुष व बच्चे बैंड बाजे की धुन पर नाचते गाते हुए निकले। शोभायात्रा की शुरूआत जैन श्वेतांबर चंद्र प्रभु मंदिर से हुई। रथ यात्रा गांधी चौक, कपड़ा बाजार होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची। इस दौरान रथ यात्रा का खंडेलवाल समाज, अग्रवाल समाज, आदि ने स्वागत किया। समाज के अध्यक्ष शशिकांत जैन ने बताया की महावीर भगवान का जन्म कल्याणक मनाया गया। रथ यात्रा से पूर्व महाराज साहब के द्वारा भगवान महावीर के उपदेश देकर जिओ और जीने दो का संदेश दिया। वही राकेश जैन ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस के उपलक्ष्य में मंडावर दिगंबर जैन समाज द्वारा भी आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातःभगवान का अभिषेक व ध्वजारोहण किया गया एवं भगवान की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जैन समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।



# बस व क्रेन में हुई जबरदस्त भिड़ंत

## घायलों को एंबुलेंस व अन्य वाहनों की मदद से लाया गया चोमू सीएससी







### क्रेन चालक सहित 21 सवार हुए घायल

### गंभीर स्थिति होने की वजह से क्रेन चालक को किया गया जयपुर एसएमएस रेफर

### अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार कर दी गई छुट्टी

गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** चौमूं थाना क्षेत्र के एनएच 52 स्थित भोजलावा कट पर सोमवार सुबह चूरू बस डिपो की एक रोडवेज बस तेज रफ़्तार से चूरू से जयपुर की ओर जाते समय अनियंत्रित होकर आगे चल रही क्रेन से जा भिड़ी ' बस की तेज रफ़्तार होने की वजह से भिड़ंत इतनी तेज थी की बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया ' वहीं भिड़ंत भिड़ंत से क्रेन भी पलट गई व उसके भी परखच्चे उड़ गये ' हादसे के दौरान बस सवारियों से खचाखच भरी हुई थी ' भिड़ंत इतनी भयंकर थी की बस में सवार कई सवारियां भीषण रूप से घायल हो गई ' राहगीरों व लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई ' जहां लोगों की सुचना पर पुलिस एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची 'पुलिस प्रशासन की मदद से घायलों को एंबुलेंस व अन्य वाहनों की मदद से इलाज के लिए चौमूं सीएचसी लाया गया ' जहां क्रेन चालक की हालत गंभीर होने की वजह से उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल के लिए रेफर कर किया गया ' अन्य घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया ' जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई ' वहीं बस व क्रेन को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर घटना की पूरी जांच में जुट गई है।



### बस और क्रेन की भिड़ंत में ये हुए घायल

बस और क्रेन की हुई भीषण भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल क्रेन चालक अशोक कुमार पुत्र रामनरेश निवासी श्रीमाधोपुर उम्र 45 वर्ष को जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया ' शेष अन्य घायल मनीष उम्र 29 निवासी श्रीमाधोपुर, सोहन उम्र 29 निवासी बेंगू चित्तौड़गढ़,अजीत सिंह उम्र 27 निवासी संतोषपुरा,राजकुमार उम्र 25 झासीपुर,अनिता उम्र 26 निवासी संतोषपुरा,बृजमोहन उम्र 37 निवासी सीकर, सुनीता उम्र 25 निवासी रानोली सीकर,नीतू उम्र 22 निवासी सीकर,सुरेश उम्र 35 निवासी सीकर,राकेश उम्र 25 निवासी सीकर, राजेशउम्र 38 निवासी सुजानगढ़, सुभाष उम्र 54 निवासी लक्ष्मणगढ़, रंजीत उम्र 28 निवासी खाटूश्यामजी ,अमित उम्र 28 मोहन रामगढ , दिलीप उम्र 52 सीकर कमल किशोर 28 सीकर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## 88 वर्ष की उम्र में जामनगर में सलीम दुरार्नी ने ली आखिरी सांस


**जयपुर, (विनोद धायल)।** भारतीय पुर्व क्रिकेटर सलीम दुरानी राजस्थान दौरे पर होते थे तब जयपुर झोटवाड़ा में विक्की उस्मान खान के घर रुकते थे और वहां से बाइक और कार से दो-तीन दिन सुदरासन डीडवाना का भ्रमण किया करते थे। जब भी कोई पारिवारिक विशेष प्रोग्राम में सलीम दुरार्नी सुदरासन आकर सम्मिलित होते थे। यहां सुद्रासन में विकी उस्मान खान के निजी आवास पर एक हफ्ता रुक कर यहां ग्रामीण क्रिकेटरों के साथ व परिवार के साथ अपना वक्त गुजारते थे 4 बार सुदरासन रुक कर गए थे। जो ग्रामवासियों की गौरव की बात है बातचीत में विक्की उस्मान खान ने बताया कि उनके निधन की खबर से गहरा शोक व्यक्त हुआ है और उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में निधन हुआ है जो जन्नती को नसीब होता है 88 वर्ष की उम्र में जामनगर में सलीम दुरार्नी ने आखिरी सांस ली, उनके निधन के बाद पूरे विश्व भर में प्रधानमंत्री बीसीसीआई के पदाधिकारी, राजस्थान क्रिकेट संघ के पदाधिकारी एवं सभी पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर युवराज सिंह रवि शास्त्री वीवीएस लक्ष्मण सुनील गावस्कर बिशन सिंह बेदी फिल्मी हीरो सैफ अली खान सभी ने ट्वीट करके पूर्व क्रिकेटर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया, सलीम दुरार्नी ने 1970 के दशक में क्रिकेट के संन्यास के बाद फिल्मों में भी काम किया उनकी पहली फिल्म चरित्र थी जिसमें उनकी हीरोइन परवीन बॉबी थी, द रॉयल्स क्रिकेट एके-डमी के निदेशक उस्मान खान ने बताया कि जो क्रिकेट की एकेडमी पायली डीडवाना में तैयार हो रही है वह भी स्वर्गीय सलीम दुरार्नी क्रिकेट एकेडमी के नाम से तैयार होगी। राजस्थान क्रिकेट संघ के चुनाव में वैभव गहलोत को पहली बार अध्यक्ष बनाए जाने पर सलीम दुरार्नी ने वोट देकर वैभव गहलोत का समर्थन किया था। महान बादशाह क्रिकेटर को हमेशा याद किया जाएगा।



## बीकानेर में मनाया जाए खादी डे : संभागीय आयुक्त

### 5 की शाम बीकानेर देखेगा खादी की खूबसूरती, रविन्द्र रंगमंच में होगा खादी ग्लैमर शो




गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर संभागीय आयुक्त नीरज के पवन ने कहा है कि बीकानेर में भी खादी डे मनाया जाए। सोमवार को यहां पत्रकारों के संग बातचीत में उन्होंने यह बात कही। बीकानेर के रविन्द्र रंगमंच में 5 अप्रेल की शाम खादी ग्लैमर शो होने जा रहा है। इसमें बीकानेर के बेटे बेटियां खादी के परिधान पहनकर कैटवॉक करेंगे। इससे आमजन में खादी के प्रति क्रेज आने वाला है। शांति अहिंसा प्रकोष्ठ, जिला प्रशासन, नगर विकास न्यास, नगर निगम व ग्रामोदय विकास संस्थान भीनासर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस शो के ब्रांड एंबेसडर संभागीय आयुक्त आईएएस नीरज के पवन हैं। वहीं मिसेज राजस्थान पूनम गिडवानी, मिस मूमल 2023 गरिमा विजय व मॉडल अनु शुक्ला जैसे राजस्थान के नामचीन चेहरे इस शो के स्टार प्रमोटर हैं। शो के समन्वयक व उद्घोषक ज्योति प्रकाश रंगा ने बताया कि यह शो खादी को ऊंचाईयां देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस संदर्भ में आज एक प्रेस वार्ता भी बीकानेर के होटल राजमहल में आयोजित की गई।? इस दौरान संभागीय आयुक्त नीरज के पवन ने प्रेस को संबोधित कर शो को हिट बनाने की अपील की। वहीं खादी संस्थान के संजय आचार्य ने खादी का महत्व बताया। रंगा ने बताया कि खादी फैशन शो सभ्य फैशन शो है, जिसमें कहीं फूहड़ता नहीं है। इस शो का उद्देश्य खादी का प्रचार प्रसार करना है। रंगा ने कहा कि बड़ी संख्या में लड़के लड़कियों को दो दिनों से अभ्यास करवाया जा रहा। ये सभी खादी के परिधान पहनकर कैटवॉक करेंगे। वहीं पूजा गिडवानी, गरिमा विजय व अनु शुक्ला शो का विशेष आकर्षण हैं। तीनों स्टार प्रमोटर भी खादी के परिधान धारण कर कैटवॉक करेंगी। शो के दौरान बुनकर सम्मान भी किया जाएगा। उन्हें सहायता राशि भी प्रदान की जा सकती है। प्रेस वार्ता में आईपीएस देवेंद्र विश्नोई, महिला मंडल स्कूल से जुड़े गजेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

## उत्तर पश्चिम रेलवे माल लदान पहली बार 32.69 मिलियन टन

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** माल लदान में किये गये अभिनव प्रयासों से उत्तर पश्चिम रेलवे ने इतिहास रचते हुये पहली बार इस वर्ष 32.69 मिलियन टन के आकडे को प्राप्त किया है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों को समयबद्ध और संरक्षित यात्रा करवाने के लिये प्रतिबद्ध है। उत्तर पश्चिम रेलवे इस वर्ष 96.88 प्रतिषत समयपालन को प्राप्त किय है यह प्रदर्शन सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में लगातार 4 वर्षों से पहले स्थान पर है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार विजय शर्मा के दिशा निदेर्शों के फलस्वरूप उत्तर पश्चिम रेलवे पर यात्री ट्रेनों के संचालन एवं समयपालन पर उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे इस वर्ष 96.88 % के समयपालन को प्राप्त कर सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर प्रथम स्थान पर कायम है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर हो रहे दोहरीकरण, स्थाई गति प्रतिबंधों को समाप्त करना एवं नियमित मॉनिटरिंग द्वारा समयपालन में पहला स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिम रेलवे लगातार 3 वर्षों से अधिक समय से सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर समयपालन में प्रथम स्थान पर है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे ने माल लदान में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुये इस वर्ष 32.69 मिलियन टन का माल लदान किया है। यह उत्तर पश्चिम रेलवे के गठन से अब तक का सर्वाधिक माल लदान है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर निरन्तरता के साथ माल लदान में अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप इण्डस्ट्रीयल वाटर, पुट्टी, प्याज, किन्नू एवं चाईना क्ले आदि नई कमोडिटीज का लदान प्रारम्भ किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर मुख्यालय एवं मंडलों में गठित बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के अभिनव प्रयासों से भी माल लदान को बढ़ावा मिल रहा है। माल लदान को बढ़ावा देने के लिये जोधपुर मण्डल के मारवाड़ मुंडवा स्टेशन पर सीमेंट लदान को सुगम बनाने के लिये गति शक्ति टर्मिनल रिकार्ड 10 माह में स्थापित कर लदान प्रारम्भ कर दिया गया है। विजय शर्मा महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे के निर्देशन में उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्री तथा माल परिवहन संचालन में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर अलग पहचान बनाई है तथा नई ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है।

**यात्री ट्रेनों के समयपालन में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर तीन वर्षों से अधिक समय से पहले स्थान पर कायम**

## शिक्षक संघ (सियाराम) प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न

### मुख्य सरंक्षक सियाराम शर्मा के मार्गदर्शन व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

### शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर हुई चर्चा

गरीबों का सितारा

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की बैठक जयपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय में मुख्य संरक्षक सियाराम शर्मा के मार्गदर्शन व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई ' बैठक में संघ के मार्गदर्शक मंडल, संरक्षक मंडल व नव निर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे ' बैठक के इस मौके पर संगठन के मुख्य संरक्षक व प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने सभी पदाधिकारियों से शिक्षकों की मांगों व समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाने व उनका निराकरण करने का संकल्प दिलाया। संघ के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर चर्चा की गई । बैठक में उठाई गई शिक्षकों की प्रमुख मांगों में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सभी शिक्षकों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता देना, अध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता, उप प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य को संपूर्ण सेवाकाल में कुल 4 एसीपी परिलाभ 7-14-21-28 वर्ष पूर्ण करने पर देना, व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए शिक्षा विभाग में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षकों को नियमित करना, साथ ही विभाग में कार्यरत पंचायत सहायक, मदरसा शिक्षक, कुक कम हेल्पर, कंप्यूटर शिक्षक इत्यादि को नियमित करना, राज्य के सभी संवर्ग के शिक्षकों को केंद्र के शिक्षकों के समान सातवां वेतनमान हूबहू देते हुए समस्त प्रकार की वेतन विसंगतियां दूर करना एवं खेमराज कमेटी की लाभकारी सिफारिशों को लागू करना, स्थायी एवं पारदर्शी शिक्षक स्थानान्तरण नीति जारी कर लेवल-1 व लेवल-2 शिक्षकों के शीघ्र स्थानान्तरण करना, साथ ही टी०एस०पी० क्षेत्र में नियुक्त नॉन टी०एस०पी० क्षेत्र के शिक्षकों के स्थानान्तरण करना, नवनियुक्त शिक्षकों का परिवीक्षा काल एक वर्ष ही रखने एवं परिवीक्षाकाल में नियमित वेतन देना, शिक्षकों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के एवज में उनके द्वारा नामित पुत्र / पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति की भांति राज्य सेवा में नियुक्ति देने का प्रावधान लागू करना, विद्यालयों में आवश्यकतानुसार समस्त पदों की नई भर्ती यथा व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक, तृतीय श्रेणी अध्यापक, एनटीटी शिक्षक, सहायक कर्मचारियों के पद सृजित कर सहायक कर्मचारियों की भर्ती की घोषणा करना, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से पूर्णतया मुक्त रखने हेतु किसी विशेष योजना की घोषणा करना, पीईईओ के अतिरिक्त कार्यभार को देखते हुए उन्हें मूल वेतन का 10% मानदेय हाई ड्यूटी एलाउंस के रूप में दिया जाना शामिल है। बैठक में संघर्ष समिति के संयोजक बृजभूषण शर्मा ने लेवल 1 व 2 शिक्षकों के स्थानांतरण सहित कई अन्य मांगों को लेकर सरकार के द्वारा सकारात्मक रवैया नहीं अपनाने पर रोष जताया।प्रदेश निर्वाचन समिति की निदेशक सावित्री शर्मा ने बैठक में संगठन के उपशाखा व जिला शाखा के चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी।कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता ने संगठन के हिसाब किताब को व्यवस्थित रखने व केश बुक लिखने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्रदान की । बैठक में संरक्षक रामेश्वर लाल सैनी, ईश्वर दयाल शर्मा , श्याम सिंह जघीना, राजेन्द्र शर्मा, सभाध्यक्ष ललित आर पाटीदार, महामंत्री रामदयाल मीणा, मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा, महिला प्रदेशाध्यक्ष ऋतु शर्मा, बनवारी लाल सैनी, बृजेश कुमार, तेजराम मीना, बदनसिह मीना ,ऋतुशर्मा, शिवचरण मीना, रामलाल वैष्णव, अमित गोयल, विजेन्द्र सिंह खटाना, वृजेन्द्र सिह मीना, अमरसिंह मीना, बृजभूषण शर्मा, राजेन्द्र पारीक, अजय शर्मा, उम्मेद सिंह डुडी, देवेन्द्र त्यागी, टीकेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## सीएलसी में नीट व जेईई टारगेट एवं फाउंडेशन कोर्स के लिए 6 से बैच प्रारम्भ



गरीबों का सितारा

**सीकर।** सीएलसी सीकर में नीट व जेईई टारगेट और फाउंडेशन कोर्स के लिए 6 अप्रैल से पहला बैच शुरू होने जा रहा है। विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने बताया कि सीबीएसई व राजस्थान बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न होने के बाद छात्रों के समय का सदुपयोग करने के लिए सीएलसी में 6 अप्रैल से नीट व जेईई फाउंडेशन और टारगेट कोर्स के लिए पहला बैच शुरू हो रहा है जिसके लिए रजिस्ट्रेशन व प्रवेश प्रक्रिया चालू है अतः प्रवेश लेने की इच्छुक छात्र संस्था परिसर में रजिस्ट्रेशन करवा कर 6 अप्रैल से शुरू होने जा रहे बैच में प्रवेश ले सकते हैं।

## श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में होगा जन्मोत्सव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में 4 अप्रैल मंगलवार से 6 अप्रैल गुरुवार तक तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। श्री बालाजी कल्याण सेवा ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार 4 अप्रैल को वाल्मीकि सुंदरकांड का आयोजन होगा बुधवार 5 अप्रैल को बालाजी महाराज का



पंचामृत अभिषेक कर तुलसी दल बजरंग नामावली द्वारा अर्पित किया जाएगा। गुरुवार 6 अप्रैल पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर 56 भोग एवं फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। प्रातः 7:15 धूप आरती 12:15 राजभोग आरती छप्पन भोग अर्पित कर सायंकाल 7: 15 बजे संध्या आरती एवं रात्रि 12:15 बजे शयन आरती कर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न होगा।

## ऑपरेशन सुरक्षा चक्र की तैयारी जोरो पर



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** जिला पुलिस के सहयोग से कामकाजी महिलाओं व गृह कार्यों से जुड़ी महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखाने के उद्देश्य से सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। जिसमें महिलाओं को आत्मरक्षा के साथ साथ साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताएं जाएंगे। पत्रकारों को जानकारी देते हुए आरपीएस देवेन्द्र विश्नोई ने बताया कि 8 से 15 अप्रेल तक यह प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं, युवतियों व बालिकाओं को आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करना, अपराधों के प्रति जागरूक बनाना, उनके बचाव के तरीके सिखाना एवं आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। जिसमें जुड़ो प्रशिक्षक प्रीतम सैन एवं सोनिया सैन द्वारा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के पोस्टर का लोकार्पण संभागीय आयुक्त नीरज के पवन, आरपीएस देवेन्द्र विश्नोई, प्रीतम सैन, संजय आचार्य, गजेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

## भूपेंद्र यादव से मिलकर मेवात विकास बोर्ड भंग कराने की मांग



गरीबों का सितारा

**रुपेश शर्मा, अलवर।** आज दिनांक 2 अप्रैल 2023 को ब्रजभूमि कल्याण परिषद की टीम डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर पहुंची और ब्रजभूमि कल्याण परिषद के कार्यकताओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया गया और परिषद के आंदोलन और सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया इस मौके पर डॉ पंकज गुप्ता ने कहा की ब्रजभूमि कल्याण परिषद 30 वर्षों से राजस्थान के ऊपर कलंक मेवात विकास बोर्ड जो कि संविधान के खिलाफ तत्कालीन हरिदेव जोशी सरकार ने बनाया था को भंग करने के लिए आंदोलन कर रही है राजस्थान की धरती पर मेवात विकास बोर्ड एक कलंक है, संविधान के खिलाफ है वोटों की खातिर क्षेत्र का सांप्रदायिक विभाजन है और तुष्टिकरण की राजनीति के द्वारा उसी आधार पर इसका गठन किया गया था जिस आधार पर 1947 में भारत की धरती का विभाजन करके पाकिस्तान का निर्माण किया गया था, उन्होंने बताया की यह विकास का नहीं विनाश का बोर्ड है और नवीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से उन्होंने यह भी कहा की राजस्थान विधानसभा के आगामी चुनाव के घोषणा पत्र के अंदर भी यह बात प्रमुखता से आनी चाहिए कि भाजपा की सरकार संविधान के खिलाफ लिए गए इस निर्णय को बदलेगी और मेवात विकास बोर्ड को भंग करेगी और उसके स्थान पर ब्रज विकास बोर्ड बनाएगी, ब्रज की धरती कृष्ण भक्तों की है और ब्रज की धरती पर यह मेवात का तमगा ब्रजभूमि के लोग नहीं बर्दाश्त कर सकते और इसको भगवान श्री कृष्ण का अपमान मानते हैं ब्रजभूमि का अपमान मानते हैं और 30 वर्षों से यह आंदोलन चल रहा है ब्रजभूमि कल्याण परिषद लगातार इस मुद्दे पर जन जागरण कर रही है कृष्ण भक्तों और संत समुदाय इस मुद्दे पर लामबंद हो रहा है और 15 अप्रैल 2023 को वृंदावन में ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में विशाल ब्रज रक्षार्थ सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे हिंदुस्तान से संत समुदाय और कृष्ण भक्त लामबंद होंगे, चर्चा करेंगे और इस मुद्दे पर आगे की रणनीति बनाएंगे. इस मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के प्रांत संयोजक निर्मल सुरा, तिजारा भाजपा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप यादव आदि दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रामगढ़ में धूम धाम से मनाई महावीर जयंती

### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** रामगढ़ (अलवर) सोमवार को दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के द्वारा महावीर जयंती पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जैन समाज के युवा एडवोकेट मोहित जैन ने बताया प्रातः 5:00 बजे कस्बे के मेन बाजार में स्थित दिगंबर जैनमंदिर में भगवान महावीर की विशेष तैयारियों के साथ पूजा अर्चना की गई प्रांत जैन मंदिर धर्मशाला में झंडारोहण का कार्यक्रम रखा गया जिस के मुख्य अतिथि समाजसेवी व भाजपा नेता उद्योगपति राकेश जैन थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उनके साथ आए मनीष जैन नगर पालिका चेयरमैन फिरोजपुर हरियाणा समाजसेवी भामाशाह मनोज जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया रामगढ़ जैन समाज के अध्यक्ष रघुवर प्रसाद जैन अध्यक्ष रामजीलाल जैन कौशल किशोर जैन अजीत प्रसाद जैन राकेश जैन के द्वारा माला पहनाकर व साफा बांधकर स्वागत किया गया उसके उपरांत करीब 12:00 दिगंबर जैन मंदिर से बैंड बाजों के साथ भगवान महावीर की शोभायात्रा का रथ रवाना हुआ जो रामगढ़ कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए मुख्य मार्गो से होते हुए जैन मंदिर पहुंची जहां पर सभी जैन समाज के बंधुओं का प्रीतिभोज कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी जैन समाज के लोगों ने प्रतिभोज कर एक दूसरे को महावीर जयंती की बधाई दी रात्रि में जैन मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों व महिलाओं के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए रामगढ़ पुलिस प्रशासन व रामगढ़ प्रशासन की ओर से भी शोभायात्रा में पुलिस कर्मियों के द्वारा अच्छी व्यवस्था की गई इस मौके पर रामगढ़ पंचायत समिति के प्रधान नसरू खान अपने कई सरपंचों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुएजैन समाज के अनिल प्रसाद जैन अजीत प्रसाद जैन रामजीलाल जैन कौशल किशोर जैन महावीर प्रसाद जैन रामदास जैन विमल चंद जैन राकेश जैन मोहित जैन शुभम जैन प्रदीप जैन प्रदीप मित्तल मनोज जैन अंशुल जैन प्रतीक जैन राजेंद्र प्रसाद जैन रघुवर प्रसाद जैन नत्थू जैन आलोक जैन रघुवीर जैन त्रिशला नंदन जैन जैन पूर्व सरपंच नेमीचंद जैन सहित जैन समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष व बच्चे कार्यक्रम में मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

# बस्सी में भाजपा कार्यकताओं की कार्यशाला हुई संपन्न

गरीबों का सितारा



**बस्सी (रामफूल मीणा)।** सोमवार को बस्सी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं अल्पकालीन विस्तारको की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा, सवाई माधोपुर प्रभारी और भाजपा नेता नारायण मीणा, भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट हरिमोहन शर्मा उपस्थित रहे और इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कार्यकताओं को आगामी कार्य योजनाओं के बारे में बताते हुए दिशा निर्देश दिए और इस दौरान पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा ने आए हुए सभी कार्यकताओं को धन्यवाद दिया और भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट हरिमोहन शर्मा ने अल्पकालीन विस्तारको एवं मंडल कार्यकताओं को बूथ पर जाकर पार्टी का काम करने को कहा साथ ही सभी कार्यकताओं को आहन? किया कि 2023 में बस्सी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक जीता कर निश्चित तौर पर कमल खिलाना है। कार्यक्रम में विधानसभा विस्तारक सुरेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनी, गेन्दी लाल मीणा, गोपाल शरण चौधरी, बनवारी लाल शर्मा, रामफूल शर्मा, पूर्व चेयरमैन सुधीर मोहन शर्मा, हेमंत मीणा, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामधन मीणा, एसटी मोर्चा पूर्व अध्यक्ष श्रवण मीणा, भवानी सिंह, रामफूल मीणा, अशोक स्वर्णकार, , अनिल भूडला एवं अपेक्षित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फिजियोथैरेपी तथा होमियो केयर क्लीनिक उद्घाटन में 21 यूनिट हुआ रक्तदान

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** महावीर जी फिजियोथैरेपी एंड होम्यो केयर (भारद्वाज हॉस्पिटल,शिवाजी पार्क) के उद्घाटन



समारोह के शुभ अवसर पर साहसी फाउंडेशन के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में सनशाइन ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण किया कुल 21 यूनिट रक्तदान हुआ। डॉ प्रमोद कुमार (इल्टर) ने बताया की आमतौर पर लोग रक्त दान से इसलिए डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है ब्लड डोनेट करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं वजन कंट्रोल में रहता है, कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है, शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है। डॉ हरलाल चौधरी ने बताया की रक्तदान करने से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है मस्तिक्ष को एक अलग ही खुशी और संतुष्टि का अनुभव होता है रक्तदान करने से हम किसी की जान बचाकर उसके बुरे वक्त में काम आ सकते हैं इत्यादि कार्यक्रम के दौरान नरेश खड़िया, त्रिलोक सैनी, टिंकेश यादव, रिचा भारद्वाज, सक्षम चौधरी, भुवनेश्वर यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

## नीम का थाना, पाटन में आम आदमी पार्टी ने निकाली विशाल तिरंगा रैली

### आप पार्टी कार्यकताओं द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली



गरीबों का सितारा

**सीकर।(विनोद धायल)।** नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र में के पाटन कस्बे में आप नेता महेंद्र मांडिया को पार्टी द्वारा प्रदेश महासचिव का दायित्व सौंपने पर तिरंगा यात्रा रैली निकाल कर सम्मान किया गया। रैली पाटन बाई पास से शुरू होकर पाटन कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए मदन मोहन मैरिज गार्डन में पहुंची। रास्ते में लोगों ने प्रदेश महासचिव महेन्द्र मांडिया का पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव महेन्द्र मांडियां ने कहा कि कांग्रेस व भाजपा दोनों पार्टियों को आने वाले समय में मुंह की खानी पड़ेगी। दोनों राजनीतिक पार्टी बारी बारी से राजस्थान को व आमजन को लूटने का काम करते हैं। आगामी चुनावों में पार्टी कार्यकताओं के दम पर नया इतिहास रचने का काम करेगी। रैली में आप नेता सौरभ चौधरी, डॉ सुनील धायल, जयसिंह गुर्जर, , डॉ शारदा चौधरी, कमल भार्गव, अशोक शर्मा, पंकज धनखड़, सीकर जिला अध्यक्ष झाबर सिंह खीचड़ ,तुफान सिंह मीणा, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष बनवारी कुड़ी, पीयूष यादव, अमित वशिष्ठ, सुनील अग्रवाल, अनूप चतुर्वेदी आदि अनेक आप पार्टी नेता मौजूद रहे।

# अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर यादव समाज ने भरी हूंकार







### अहीर रेजिमेंट की मांग हमारा हक जरुरत पड़ी तो हम इसके लिए आगे तक लड़ेंगे लड़ाई : यादव

गरीबों का सितारा

**जयपुर, चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** विश्व यादव समाज परिषद प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान के रामदेव यादव के नेतृत्व में 16 अप्रैल को वीटी रोड ग्राउंड शिप्रा पथ मानसरोवर जयपुर में होने वाले अहीर जनजागृति सम्मेलन को लेकर यादव समाज जोर-शोर से तैयारियों में जुट गया है ' प्रदेशाध्यक्ष रामदेव यादव के नेतृत्व में विश्व यादव समाज परिषद के लोग अलग-अलग टीमें बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों में यादव समाज के लोगों को 16 अप्रैल को अहीर जनजागृति सम्मेलन में पहुंचने व कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान कर जगह जगह पोस्टर विमोचन कर रहे हैं ' प्रदेशाध्यक्ष यादव ने ग्राम पंचायत घिनोई के सामुदायिक भवन में आयोजित मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज के सभी लोग अहीर जनजागृति सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अहीर रेजिमेंट की मांग उठाएं अहीर रेजिमेंट की मांग हम सब की अपनी मांग है और अपनी मांग उठाना हमारा हक है ' इसलिए सम्मेलन में अधिक से आप सभी अधिक संख्या में पहुंचे हम इसके लिए आगे तक हम सब मिलकर अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष बंशीधर यादव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सभी बंधुओं को इसमें एकजुट होकर साथ देना चाहिए ' यादव ने कार्यकताओं की अलग-अलग टीमें बनाकर क्षेत्र के गांव ढाणियों में भेजकर कार्यक्रम को सफल बनाने व समाज के लोगों से संपर्क कर सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान करने को कहा गया है ' कार्यक्रम के दौरान यादव समाज के लोगों ने बगरू महला के पंचायत क्षेत्र में पहुंचकर वहां पर भी प्रचार-प्रसार पर जोर दिया जा रहा है। समाज के लोगों को कड़ी से कड़ी जोड़ने का आव्हान किया है । इस मौके पर पूर्व मंडल बंशीधर, मुरलीधर यादव, नानू राम यादव, भगवान सहाय यादव, सांवरमल यादव , श्रीराम यादव, रामनिवास यादव गोमाराम यादव, सहित ताराचंद यादव , राम अवतार , नंदकिशोर, बंशीधर, सूरजमल भगवाडिया, कैलाश भगवाडिया , नंदकिशोर जाजम , गोपाल ककोडिया , सहित उपस्थित होकर घर-घर जाकर ढाणी ढाणी पहुंचकर पोस्टों का विमोचन वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारने को लेकर कार्यक्रम कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया ।

# ब्यावर में फिर खुदने लगी है सड़कें

**तथाकथित कंपनियां रोज कहीं ना कहीं खोद रही सड़के सुध लेने वालों की आखों पर बंधी पट्टी**








### न स्वीकृति की जरूरत न कोई पूछने वाला आला अधिकारी

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो किसी भी शहर के सौंदर्य में उस शहर की सड़कें ही अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है लेकिन सोमवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसे सुनकर हर कोई दांतो तले उंगली दबाने के लिए मजबूर हो जाएगा ऐसा सुनने को मिल रहा है कि शहर में कुछ कम्पनियां तथा कथित तौर से बगैर किसी स्वीकृति के सड़कों को खोदने में लगी है। शहर के कुछ पार्षदों ने भी ऐसी कंपनियों से सांठगांठ कर अपने क्षेत्रों में हो रही खुदाई पर बगैर एतराज व्यक्त कर उन्हें मौन स्वीकृति दे रखी है। सबसे गंभीर बात तो यह है कि शहर के आला अधिकारी भी आँखों पर पट्टी बांधे मौन धारण किए हुए हैं ऐसा सुनने को मिल रहा है कि प्रशासन के आला अधिकारियों को शिकायत की जाती है लेकिन बजाए शिकायत पर कोई कार्यवाही करने की अपेक्षा लीपापोती करने में ज्यादा विश्वास रखते हैं जानकारी के अनुसार नगर परिषद के पार्षद श्रीमती बीना देवी व उनके पति राजेश झंवर ने जय मंदिर सिनेमा हॉल के पास को खोदी जाने वाली सड़क के मौके पर पहुंचकर जब जेसीबी से चलाने वाले से पुछताछ की तो उन्हें भी जेसीबी के ठेकेदार ना तो कोई कागजात बता पाये और ना ही कोई स्वीकृति दिखा पाये कुल मिलाकर अपने तानाशाही पूर्ण तरीके से शहर को खोदने में लगे हैं।उक्त मामले की जानकारी मिली तो शहर के मीडिया बंधु भी मौके पर पहुँचे और उन्होने पार्षद पति राजेश झंवर का बयान लेकर चलते बने। देखते ही देखते पार्षद पति राजेश झंवर को समझाने के लिए कई प्रभावशाली व्यक्तियों के फोन आने लगे सूत्रों की माने तो शहर से संबंध न रखने वाले व्यक्ति भी पार्षद पति राजेश झंवर को फोन करने लगे ऐसा सुनने में आ रहा है कि कई राजनीति के धुरंधर व्यक्ति भी गलत तरीके से शहर को खोदने वाले को समर्थन देते हुए नगर परिषद वार्ड संख्या 39 की पार्षदा श्रीमती बीना देवी के पति राजेश झंवर को समझाते नजर आये। साथ ही ऐसा भी सुनने में आया है कि हालांकि वे लोग स्वयं इस बात को स्वीकार भी कर रहे हैं कि - कर तो गलत ही रहा है लेकिन आपका बच्चा समझकर छोड़ना है। ऐसा भी सुनने को मिला है कि लगभग सभी जगह शिकायत की गई लेकिन ढाक के तीन पात नजर आई । उक्त मामले में समाचार लिखे जाने तक सड़क खोदने की स्वीकृति नहीं मिली है, लेकिन ठेकेदार ने अपनी दादागिरी व तानाशाही रवैये के चलते सड़क खोदकर नगर परिषद की आय को धत्ता बताते हुए एक निजी कम्पनी की फाईबर लाईन को डाल दिया। अब इस मामले को लेकर देखना यह है कि प्रशासन इस पर कितनी कार्यवाही करता है और तथाकथित तौर से फाईबर डालने वाले के विरुद्ध क्या कार्यवाही होती है।

### मोटर साईकिल सवार हुआ स्लिप घुटने में आई चोट

तथाकथित तौर से की गई खुदाई के बाद उधर से निकल रहे एक मोटर साईकिल सवार सड़क पर खुदाई के दौरान निकले पत्थर पर मोटर साईकिल चढ जाने से वह स्लिप हो गया। इससे उनके घुटने पर चोट आई। मोटर साईकिल पर उनकी पत्नि भी सवार थी उनके भी नीचे गिरने से वह भी चोटिल हो गई थी।ऐसे तथाकथित तौर से शहर को खोदने वालों के विरुद्ध जब सरकारी तंत्र (प्रशासन) ही कुछ कार्यवाही नहीं करेगा तो शहर की क्या स्थिति रहेगी यह सोचने एवं विचारणीय बिंदु है जबकि हाल ही में माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ब्यावर के जिले की घोषणा भी की जा चुकी है जब जिला बनने वाला है तो निश्चित ही प्रशासन के आला अधिकारियों को अपनी पैनी दृष्टि गलत कार्य करने वालों पर रखनी चाहिए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

बहालगढ़ स्थित साईं सेंटर में शुरू हुआ खेलो इंडिया वूमैन नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट

# प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी बना रहे पहचान : कैप्टन अभिमन्यु

- मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचें हरियाणा तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह




सोनीपत। प्रतियोगिता में पहुंचनें पर हरियाणा तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते हुए अधिकारीगण व प्रतियोगिता में हाथ आजमाती खिलाड़ी।

भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय तीरंदाजी संघ और हरियाणा तीरंदाजी संघ के बैनर तले खेलो इंडिया वूमैन नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट का सोमवार को आगाज हुआ। बहालगढ़ स्थित साई सेंटर में कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री, भारतीय तीरंदाजी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं हरियाणा तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैप्टन अभिमन्यु ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत किया गया। इस दौरान कैप्टन अभिमन्यु ने देश के कोने-कोने से आए 96 तीरंदाजों का परिचय लिया और उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान कैप्टन अभिमन्यु ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। शरीर स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि हम शारीरिक रूप से मेहनत करें। इसीलिए आज के समय में खेलों का महत्व बढ़ जाता है, क्योंकि खेल कोई भी आपसे मेहनत करवाता है। ये ही मेहनत आपको स्वस्थ रखती है। इस दौरान कैप्टन अभिमन्यु ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को लेकर चलाई जा रही नीतियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पूर्व की सरकारों में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाता था, जबकि मौजूदा सरकार में खिलाड़ियों को मेडल लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। खिलाड़ी तैयार करने के लिए उत्कृष्ट खेल नीति अपनाई जा रही है, इसी वजह से आज के समय में प्रदेश के खिलाड़ी केवल राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान साईं के हाईप्रोफार्मेंस डायरेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि खेलों के लिए सरकार बहुत कुछ कर रही है। तीन चीजों पर मुख्य फोक्स है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, डोमेस्टिक टूर्नामेंट बढ़ाना और इंटरनेशनल एक्सपोजर बढ़ाना शामिल हैं। ये ही वजह है कि हम उम्मीद करते हैं कि ओलंपिक में पदक जीत पाएंगें। संजीव कुमार ने बताया कि इस टूर्नामेंट के जरिए देश के टॉप 15 आर्चर सामने आएंगे, जिन्हें कुल 37.5 लाख रुपये की ईनाम राशि वितरित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पहले दिन ब्रॉंज और सिल्वर मेडल के मुकाबले हुए हैं। मंगलवार को गोल्ड मेडल के मुकाबले होंगे, इसमें विजेताओं को ईनाम वितरित करने के लिए सांसद रमेश कौशिक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम में साईं प्रबंधन के अधिकरियों सहित कोच असीम कुंडू, माझी स्वयम, राम अवधेश, विकास पांडेय, प्रदीप शर्मा, प्रियंका, सौरभ, मोनिका प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ये रहे सोमवार के परिणाम

**सब जूनियर कम्पाउंड कैटेगरी:** पंजाब की परणीत कौर और महाराष्ट्र की अदिति गोपीचंद स्वामी के बीच मंगलवार को पहले व दूसरे स्थान के लिए मुकाबला होगा। आंधप्रदेश की मदाला सूर्या हंसिनी तीसरे, दिल्ली की तनिष्का भाटिया चौथे, दिल्ली की ऐश्वर्या शर्मा पांचवें स्थान पर रही।

**जूनियर कम्पाउंड कैटेगरी :** पहले व दूसरे स्थान के लिए राजस्थान की प्रिया गुर्जर व दिल्ली की प्रगति के बीच मंगलवार को मुकाबला होगा। वहीं तीसरे व चौथे स्थान पर क्रमशः उत्तरप्रदेश की साक्षी चौधरी और जम्मू एवं कश्मीर की सुनैना देवी रही। पंजाब की अक्षिता पांचवें स्थान पर रही।

**सीनियर कम्पाउंड कैटेगरी:** मध्यप्रदेश की रजीनी मार्को और महाराष्ट्र की पूर्वस्था शिंदे के बीच मंगलवार को पहले और दूसरे स्थान के लिए मुकाबला होगा। तीसरे स्थान पर मध्य प्रदेश की सृष्टि सिंह, चौथे स्थान पर महाराष्ट्र की पठान महक जाकिरखान, पांचवें स्थान पर एआईपीएससीबी की अंशु रही।

**सब जूनियर रेकर्व कैटेगरी:** मध्यप्रदेश की सोनिया ठाकुर व हरियाणा की किरण के बीच मंगलवार को पहले व दूसरे स्थान के लिए मुकाबला होगा। हरियाणा की भजन कौर तीसरे, वेस्ट बंगाल की प्रिया पत्रा चौथे, महाराष्ट्र की मंजरी अलोन पांचवें स्थान पर रही।

**जूनियर रेकर्व कैटेगरी:** गुजरात की भगौरा भार्गवी वर्गिशकुमार तीसरे, हरियाणा की तमन्ना चौथे, हरियाणा की टीशा पूनिया पांचवें स्थान पर रही। पहले व दूसरे स्थान के लिए मुकाबला मंगलवार वेस्ट बंगाल की अदिति जयसवाल व चंडीगढ़ की सृष्टि जयसवाल के बीच होगा।

**सीनियर रेकर्व कैटेगरी:** आरएसपीबी की मोनिका सरेन तीसरे, हरियाणा की संगीता चौथे, झारखंड की कमोलिका बरी पांचवें स्थान पर रही। पहले व दूसरे स्थान के लिए मुकबला मंगलवार को झारखंड की अंकिता भक्त, एआईपीएससीबी की दिप्ती कुमारी के बीच होगा।

## खबर संक्षेप



### नटराजन से काफी प्रभावित हूं : लारा

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा तेज गेंदबाज टी नटराजन से 'बहुत प्रभावित' हैं जिन्होंने चोट से वापसी पर इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र में टीम के शुरुआती मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। राजस्थान की टीम ने इस मैच को 72 रन से जीता। नटराजन ने अपने शुरुआती ओवर में ही 17 रन लुटा दिए थे। उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी की और अगले दो ओवर में सिर्फ छह रन खर्च किए।

### आरसीबी के तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले चोटिल

**बेंगलुरु।** खिलाडियों के चोटिल होने की समस्या का सामना कर ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले के दाहिना कंधे में चोट से रविवार को एक और झटका लगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान टॉप्ले का कंधा खिसक गया। आरसीबी के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा कि इंग्लैंड के इस खिलाड़ी की चोट की गंभीरता का पता स्कैन के नतीजे आने के बाद चलेगा।

### विश्व चैंपियन नीतू के घर पहुंचे मुख्यमंत्री

**भिवानी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सोमवार को इस शहर के दौर पर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली नीतू गंघास (48 किग्रा) के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नीतू से बातचीत की और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नीतू ने मुख्यमंत्री से घर के पास की गली बनाने का अनुरोध किया था। जिस पर खट्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इसके नवीनीकरण करने के निर्देश दिए।

### टेबल टेनिस अकादमी खोलेगा ओडिशा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर और कटक में टेबल टेनिस अकादमियों के अलावा राज्य भर में टेबल टेनिस केंद्रों की स्थापना की घोषणा की है। पटनायक ने अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ और अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल से रविवार को मुलाकात के दौरान यह बात नहीं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भुवनेश्वर और कटक में टेबल टेनिस अकादमी स्थापित करने के राज्य सरकार के फैसले की सूचना दी। साथ ही राज्य के सभी इंडोर हॉल में टेबल टेनिस ट्रेनिंग केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

### लखनऊ को 12 रन से हराया, मोइन ने चटकाए 4 विकेट

# गायकवाड़ व अली ने चेन्नई सुपर किंग्स को दिलाई जीत

भाषा ▶▶| चेन्नई

रूतुराज गायकवाड़ और डेवोन कोंवे की शतकीय साझेदारी के बाद मोईन अली की जबर्दस्त गेंदबाजी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को 12 रन से हराकर अपने गढ चेपॉक पर चार साल बाद शानदार वापसी की। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन बनाये। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी। चेन्नई के लिये अली ने चार ओवर में 26 रन देकर चार विकेट लिये और लखनऊ के शीर्षक्रम को तहस नहस कर दिया। तुषार देशपांडे ने भी दो विकेट चटकाये। लखनऊ के लिये काइल मायर्स ने लगाकार दूसरे मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाये जबकि निकोलस पूरन ने आखिरी ओवरों में 28 गेंद में 32 रन की पारी खेली। इनके अलावा कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। कप्तान केएल राहुल 20 रन बनाकर आउट हो गए थे। इससे पहले चेन्नई के लिये गायकवाड़ ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई तो कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 89 मीटर का छक्का जड़कर टीम के गढ चेपॉक स्टेडियम पर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। 'थाला' धोनी ने दो छक्के जड़े लेकिन मार्क वुड को तीसरा छक्का जड़ने के प्रयास में तीन गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हो गए। गायकवाड़ ने 37 गेंद में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाये जबकि डेवोन कोंवे ने 29 गेंद में 47 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। शिवम दुबे ने 16 गेंद में 27 रन बनाये जिसमें एक चौका और तीन छक्के शामिल थे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को पांच विकेट लेने वाले वुड ने चार ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाये। लखनऊ के लिये लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिये। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर गायकवाड़ और कोंवे ने पहले छह ओवर में 79 रन बनाये। पहले मैच में 92 रन बनाने वाले गायकवाड़ ने उस लय को कायम रखा और न्यूजीलैंड के कोंवे ने उनका पूरा साथ दिया। चेन्नई के 100 रन आठवें ओवर में बने। गायकवाड़ ने के गौतम के पहले ओवर में तीन छक्के लगाये। तेज गेंदबाज आवेश खान ने दूसरे ओवर की पहली चार गेंद में ही 16 रन दे डाले। उन्होंने तीन ओवर मे 39 रन देकर बेन स्टोक्स का विकेट लिया।



### कैपिटल्स और गुजरात का मुकाबला आज शाम 7.30 बजे



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब अपने घरेलू मैदान पर गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दूसरी ओर, शुरुआती मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स को मात देने के बाद गुजरात के हौसले बुलंद है। घुटने की गंभीर चोट के कारण केन विलियमसन के टूर्नामेंट से बाहर होने के बावजूद कागजों पर गुजरात टाइटन्स मजबूत है। दिल्ली कैपिटल्स को सत्र के शुरुआती मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 50 रन से करारी शिकस्त दी थी। इस मैच में टीम को सबसे ज्यादा निराशा भारतीय तेज गेंदबाजों से हुई थी और एनरिच नोर्किया की गैरमौजूदगी में ये गेंदबाज लखनऊ के बल्लेबाजों को परेशान करने में विफल रहे थे। चेतन सकारिया और मुकेश कुमार सटीक लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं लेकिन लखनऊ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को परेशान करने के लिए जरूरी गति और विविधता के मामले में दोनों काफी असरहीन थे।

# मेदवेदेव बने मियामी ओपन टेनिस चैंपियन

### सिनर के खिलाफ 6 मैचों में छठी जीत

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स



डेनियल मेदवेदेव ने मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में इटली के यानिक सिनर को 7-5, 6-3 से हराकर साल का अपना चौथा एटीपी खिताब जीता। मेदवेदेव की सिनर के खिलाफ छह मैचों में यह छठी जीत है और इस साल अब तक खेले गए अपने 25 मुकाबलों में से उन्होंने 24 में जीत दर्ज की है। इस दौरान उनकी एकमात्र हार का सामना इंडियन वेल्स फाइनल में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अलकराज के खिलाफ करना पड़ा था। सिनर ने एक घंटे 34 मिनट तक चले मुकाबले के शुरुआती सेट में मेदवेदेव को कड़ी टक्कर दी लेकिन रूस के खिलाड़ी ने दूसरे सेट में उन्हें कोई मौका नहीं दिया। इस साल का पांचवां खिताबी मुकाबला खेलने वाले मेदवेदेव इससे पहले रॉटरडैम, दोहा और दुबई में चैंपियन बने है। महिला युगल के फाइनल में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की जोड़ी ने लेयला फर्नांडीज और टेलर टाउनसेंड को 7-6, 6-2 से हराया।

- इस साल खेले गए अपने 25 मुकाबलों में से दर्ज की 24 में जीत

# बेंजेमा की हैट्रिक से मैड्रिड ने वलाडोलिड को 6-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

करीम बेंजेमा ने सात मिनट के अंदर तीन गोल कर के सत्र के आखिरी 'अल क्लासिको' से पहले रियल मैड्रिड का बड़ी जीत दिलाई। रियल मैड्रिड ने रविवार रात को ला लिगा में वलाडोलिड को 6-0 से करारी शिकस्त दी, जिससे 'कोपा डेल रे' के सेमीफाइनल में बार्सीलोना का सामना करने से पहले टीम का मनोबल बढ़ेगा। रियल मैड्रिड और बार्सीलोना के मुकाबले को अल क्लासिको के नाम से जाना जाता है। रियल मैड्रिड की टीम बुधवार को दूसरे चरण के मुकाबले (कोपा डेल रे ) के लिए बार्सीलोना की यात्रा करेगी। टीम को पहले चरण में 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था। फ्रांस के बेंजेमा ने रविवार को खेले गए मैच के 29वें, 32वें और 36वें मिनट में गोल कर के हैट्रिक पूरी की। टीम के लिए अन्य गोल रोड्रिगो (22वां मिनट), मार्को (73वां मिनट) और लुकास (90+1 मिनट) ने किए। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको ने एंजल कुर्रे के 86वें मिनट में किए गए गोल से रियल बेटिस को 1-0 से हराया। विलारियल ने सोसिडाड को 2-0 से शिकस्त दी जबकि सेल्टा विगो को अल्मेरिया ने 2-2 की बराबरी पर रोका।

आईपीएल

# चोटिल होकर बाहर हुए तो भी मिलता है पूरा पैसा



### सीमित मैचों पर पेमेंट

यदि कुछ खिलाड़ी फ्रेंचाइजी के लिए सीमित मुकाबले ही खेलने के उपलब्ध हो पाते हैं तो उन्हें मैचों की संख्या के हिसाब से पेमेंट किया जाता है। जैसे कि कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स के बेन स्टोक्स पूरे सीजन में उपलब्ध नहीं रहेंगे।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के किसी भी सीजन के शुरू होने से पहले और सीजन के दौरान खिलाड़ियों के चोटिल होकर बाहर होने का सिलसिला देखने को मिलता है। वर्ल्ड क्रिकेट की सबसे महंगी टी20 लीग से किसी भी खिलाड़ी के लिए पूरे सीजन से बाहर होना एक बड़ा झटका भी माना जाता है, क्योंकि ऐसे में फ्रेंचाइजी से मिलने वाली उसकी पेमेंट का क्या होगा? फैंस के बीच इसे जानने को लेकर हमेशा से क्रेज़ देखने को मिलता है। वहीं बात की जाए चोटिल खिलाड़ियों की तो उनके पेमेंट को लेकर भी एक अलग तरह की प्रक्रिया को अपनाया जाता है। सीजन शुरू होने से पहले ही यदि कोई खिलाड़ी चोटिल होकर बाहर हो जाता है तो उसे फ्रेंचाइजी की तरफ से किसी तरह की कोई पेमेंट नहीं की जाएगी, जो ऋषभ पंत के मामले में देखने को मिलता है, क्योंकि वह काफी पहले ही चोटिल हो गए थे।

वहीं दूसरी तरफ केन विलियमसन जो एक मुकाबले के बाद पूरे सीजन के लिए बाहर हो गए हैं उनका फ्रेंचाइजी की तरफ से मेडिकल खर्चा उठाने के साथ ही उसका उनका पूरा पैसा भी दिया जाएगा, क्योंकि खेलते हुए या कैंप के दौरान चोटिल होने पर खिलाड़ी को पूरा पैसा मिलता है।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के वेतन में होगा इजाफा

**मेलबर्न।** खिलाड़ी यूनियन के साथ पांच साल के समझौते के तहत क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अपनी घरेलू टी20 लीग के लिए वेतन सीमा में 50 प्रतिशत और महिला राष्ट्रीय टीम के न्यूनतम और औसत वेतन में 25 प्रतिशत का इजाफा करने की तैयारी में है। पुरुष बिग बैश लीग में प्रत्येक टीम के लिए वेतन सीमा बढ़कर 30 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (20 लाख अमेरिकी डॉलर) हो जाएगी क्योंकि खेल के ऑस्ट्रेलियाई प्रशासक सर्वश्रेष्ठ स्थानीय प्रतिभा को अपने साथ जोड़े रखने का प्रयास करने के अलावा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी अपने यहां लाना चाहते हैं।

### पंजाब में दिग्गज जोंटी रोड्स की जगह लेनी होगी

# आईपीएल में कोचिंग का लुत्फ उठा रहे गोंजाल्वेस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ट्रेवर गोंजाल्वेस पंजाब किंग्स के लिए चार साल तक उभरते हुए खिलाड़ियों को खोजने के बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं और इस भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं।

गोंजाल्वेस को कोचिंग का काफी अनुभव है। वह विदर्भ के मुख्य कोच की भूमिका निभाने के बाद पिछले साल असम के साथ जुड़े और टीम को विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिलाई। पंजाब में उन्हें दिग्गज जोंटी रोड्स की जगह लेनी होगी जो पिछले सत्र तक टीम के क्षेत्ररक्षक कोच थे। पचास साल के गोंजाल्वेस ने देश के संभवतः सबसे शानदार कोच में से एक के संदर्भ में कहा, 'मुझे हमेशा बड़े लोगों की जगह ही लेनी पड़ी है। विदर्भ में भी मैंने दिग्गज चंद्रकांत पंडित की जगह ली थी।' पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर और राहुल द्रविड़ की कप्तानी में भारत अंडर-19 टीम के सदस्य रहे गोंजाल्वेस ने जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों की खोजा की जिन्होंने आईपीएल में छाप छोड़ी। उन्होंने इसके अलावा अब गुजरात टाइटंस से जुड़ चुके विदर्भ के दर्शन नालकंडेय और अर्थव ताइडे को भी पंत जीत के साथ जोड़ा।

### शुरुआती मैचों में हार मायूस करने वाली



*बेंगलुरु। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने स्वीकार किया है कि पूर्व चैंपियन का आईपीएल का सत्र का शुरुआती मैच जीतने में लगातार नाकाम रहना बेहद निराशाजनक है। पांच बार की चैंपियन टीम को रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से आठ विकेट की हार का सामना करना पड़ा। यह लगातार 11वां मौका है जब मुंबई ने सत्र का पहला मैच गंवा दिया। टीम ने आखिरी बार सत्र के शुरुआती मुकाबले को 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर जीता था।*

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



## प्रभास ने 'सालार' से अपनी ही फिल्म 'बाहुबली 2' को दी मात

**चेन्नई।** प्रभास ने बाहुबली की सफल फ्रेंचाइजी में अपनी एक्टिंग से हर किसी को हैरान किया। इस मूवी के बाद से प्रभास की पॉपुलैरिटी हिंदी बेल्ट में भी काफी ज्यादा बढ़ गई। वहीं, अब एक्टर के फैंस उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट पर नजरें गड़ाए हुए हैं। गौरतलब हो कि प्रभास जल्द ही फिल्म 'सालार' में नजर आने वाले हैं। रिलीज से पहले ही इस फिल्म के मेकर्स को बड़ी सफलता हाथ लगी है। फिल्म के ओवरसीज राइट्स की डील की कीमत चौंकाने वाली है। 'सालार' के ओवरसीज राइट्स 90 करोड़ में बिके हैं। इस बात की जानकारी हेल प्रभास ने ट्वीट कर दी है। बताते चलें कि यह किसी भी भारतीय फिल्म के लिए विदेशों में बिकने वाले राइट्स की सबसे बड़ी डील है। इतना ही नहीं इस राइट्स की डील के साथ ही प्रभास ने अपना ही पिछला रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है।

लाइफ Style



## दीपिका पादुकोण फिर सरप्राइज की तैयारी

शाहरुख खान ने 'पठान' बन बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया। वहीं, अब फैंस किंग खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो, शाहरुख ने इस मोस्ट अवेटेड एक्शन एंटरटेनर फिल्म के मुख्य हिस्सों की शूटिंग पूरी कर ली है। अब 'जवान' के गानों को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे जान एक्टर के फैंस और ज्यादा खुश हो उठे हैं।

**मुंबई।** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'जवान' की टीम अब अप्रैल के महीने में 10 दिनों तक दो गानों की शूटिंग करेगी। एक मीडिया संस्थान को सूत्र से पता चला है, 'शाहरुख खान और नयनतारा अप्रैल के पहले सप्ताह में मुंबई में जवान के पहले गाने की शूटिंग करेंगे, जिसे अनिरुद्ध कंपोज कर रहे हैं।' पहले गाने की शूटिंग के बाद शाहरुख अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही दूसरे गाने की शूटिंग के लिए सेट पर पहुंचेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 'इस गाने के लिए शाहरुख खान के साथ दीपिका पादुकोण भी शामिल होंगी।' गौरतलब हो कि शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जोड़ी ने फिल्म 'पठान' से लोगों को दीवाना बनाया है। वहीं, अब एटली इस जोड़ी की पॉपुलैरिटी को फिर से भुनाना चाहते हैं। दीपिका-शाहरुख को फिर से साथ देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। हालांकि, अबतक इन मीडिया रिपोर्ट्स की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। 'जवान' फिल्म की बात करें तो इसके वीएफएक्स और पोस्ट-प्रोडक्शन पर दिन-रात काम जारी है। वीएफएक्स के साथ फिल्म की अंतिम प्रिंट 10 मई तक लॉक हो जाएगी। इसके बाद 'जवान' 2 जून 2023 को पर्दे पर दस्तक देगी। जानकारी के लिए बता दें कि 'जवान' फिल्म में विजय सेतुपति नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं, इस फिल्म के जरिए एटली अपने हिंदी निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला



## नीलाम हो रही है अभिनेता द्वारा चबाई गई च्युइंग गम

**न्यूयार्क।** ऑनलाइन ई कॉमर्स साइट ई-बे पर इन दिनों एक खाया हुआ च्युइंग गम बिक रहा है। जी हां, एक मामूली च्युइंग गम, वो भी चबाया हुआ, ऑनलाइन बिक रहा है। अगर आप इतने में हैरान हो गए तो अभी रुकिए, आपको इससे भी ज्यादा हैरानी तब होगी जब आप इस च्युइंग गम का दाम जानेंगे।

आपको सुनकर यकीन होगा, लेकिन ये सच है कि 'आयरन मैन' फेम रॉबर्ट डाउनी जूनियर की चबाकर थूकी हुई च्यूइंग गम को ऑनलाइन बेचा जा रहा है, जिसकी कीमत सुनकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। रॉबर्ट की चबाकर थूकी हुई च्यूइंग गम की नीलामी हो रही है।



## चलेगा एक्शन थ्रिलर 'प्लेन' का जादू, लायंसगेट प्ले पर फिल्म देगी दस्तक

**लॉस एंजेलिस।** अपनी सीट की पेटी बांध लें और जेरार्ड बटलर के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाएं! बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता के बाद 'प्लेन' 14 अप्रैल को विशेष रूप से भारत में लायंसगेट प्ले पर अपना डिजिटल प्रीमियर करने के लिए तैयार है। जेरार्ड बटलर और माइक कोल्टर स्टारर किरकिरा-एक्शन थ्रिलर एक कमर्शियल पायलट की कहानी है, जिसे अपने साथी बंधकों को समुद्री लुटेरों से बचाने के लिए एक अपराधी से मदद लेने की जरूरत है। जीवन-या-मृत्यु परिदृश्यों के साथ डार्क एक्शन एडवेंचर का वादा करने वाला बॉक्स ऑफिस स्टनर 'प्लेन' भारत में विशेष रूप से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम होगा। फिल्म के टीम मेंबर के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए अभिनेता जेरार्ड बटलर ने कहा, ₹हमारे पास एक शानदार क्रू टीम थी।



## गिगी को गोद में उठाकर डांस करने पर ट्रोल हुए वरुण

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर कूल एक्टर वरुण धवन आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। हाल ही में, अभिनेता नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) के लॉन्च समारोह में शामिल हुए। इस इवेंट में वरुण के अलावा बॉलीवुड के कई दिग्गज स्टार्स भी शामिल हुए थे। अब इस इवेंट से वरुण का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहे है, जिसमें वह गिगी हदीद गोद में उठाते और उनके गालों पर किस करते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के लेकर वरुण को काफी ट्रोल किया जा रहा है। एनएमएसीसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बी टाउन के कई स्टार्स परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में वरुण का भी एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें गिगी हदीद को उठाते हुए और गालों पर किस करते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो में वरुण मॉडल को एक घेरे में घुमाने से पहले उन्हें उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। मंच से नीचे उतारने से पहले, वह गीगी के गालों पर एक किस भी करते हैं।



## सामंथा ने आखिर तोड़ी चुप्पी, बोलीं- बहुत डार्क जगह पर थी

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की स्टार सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। बॉलीवुड में भी उनके लाखों की संख्या में फैंस हैं। उन्होंने मनोज बाजपेयी के साथ द फैमिली मैन सीजन 2 में बेहतरीन अभिनय किया था। इस सीरीज में एक्ट्रेस के अभिनय की जमकर सराहना भी हुई थी। वहीं अब एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और वरुण धवन की ग्लोबल स्पाई सीरीज सिटाडेल में नजर आने वाली हैं। साथ ही उनके पास विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म कुशी भी है। सभी जानते हैं कि एक्ट्रेस की नागा चैतन्य के साथ शादी टूट चुकी है। इस शादी को लेकर हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान बात की है। समांथा ने अपने उस बुरे फेज को लेकर बात की है, कि किस प्रकार से चीजें कभी भी आसान नहीं थीं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के सबसे कठिन समय के दौरान, मैं एक बहुत ही अंधेरी जगह पर थी, और मेरे पास वाकई में डार्क विचार थे। मैं इन विचारों को नष्ट नहीं होने देने वाली थी, इसका मतलब है कि मुझे एक कदम आगे देखना शुरू करना होगा।

टीवी मसाला

## 'बालिका वधु' की प्रत्यूषा को याद कर छलका काम्या पंजाबी का दर्द



**मुंबई।** टीवी की सबसे पॉपुलर अभिनेत्री काम्या पंजाबी के अभिनय के फैंस दीवाने हैं। काम्या पंजाबी छोटे पर्दे के कई टीवी शोज में भी नजर आ चुकी हैं। काम्या पंजाबी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस से बहुत प्यार करती हैं, लेकिन जब कोई यूजर उन्हें ट्रोल करने की कोशिश करता है तो वह जवाब देने से भी पीछे नहीं हटती हैं। हाल ही में, काम्या ने 'बालिका वधु' फेम प्रत्यूषा बनर्जी को याद कर एक वीडियो शेयर किया है। काम्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रत्यूषा बनर्जी की याद में फैंस संग एक वीडियो साझा किया है। यह वीडियो कुछ तस्वीरों का कलेक्शन है। इन तस्वीरों में काम्या के साथ अभिनेत्री प्रत्यूषा बनर्जी नजर आ रही हैं। पुराने दिनों को याद करते हुए काम्या ने इस इमोशनल वीडियो को शेयर किया है। साथ ही बहुत ही भावुक कर देने वाला कैप्शन दिया है। फैंस भी इस वीडियो को देखकर काफी इमोशनल हो रहे हैं।

## बेहद लग्जरी लाइफ एंजॉय करते हैं कपिल शर्मा



**मुंबई।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा आज यानी दो अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से कॉमेडी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कपिल बॉलीवुड में सिंगर बनने का सपना लेकर आए थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। एक्टर को पहचान सिंगिंग से नहीं बल्कि कॉमेडी से मिली। आज उनका नाम भारत के दिग्गज और अमीर कॉमेडियन की लिस्ट में शामिल है। कपिल टीवी के सबसे पॉपुलर कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' होस्ट करते हैं। उनके इस शो में अलग-अलग क्षेत्र के कई दिग्गज शिरकत करते हैं और शो के सेट उनके साथ जमकर मस्ती करते नजर आते हैं। उन्होंने सबसे पहले टीवी के चर्चित कॉमेडी शोज 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' और 'फैमिली टाइम विद कपिल' को होस्ट किया। उसके बाद वह 'कॉमेडी नाइट विद कपिल' में नजर आए। कपिल के ये सारे शोज काफी हिट रहे। एक सफल कॉमेडियन होने के साथ-साथ कपिल एक अभिनेता के तौर पर भी जाने जाते हैं। उन्होंने अब्बास मस्तान के निर्देशन में बनी फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' से फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद वह फिल्म 'फिरंगी' में भी नजर आए।

## निर्देशक प्रदीप सरकार की प्रार्थना सभा में पहुंचे बॉलीवुड सितार

**मुंबई।** बीते 24 मार्च को फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने निर्देशक प्रदीप सरकार का निधन हो गया था। उन्होंने 67 साल की उम्र में ही दुनिया को अलविदा कह दिया था। प्रदीप सरकार के असामयिक निधन से पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री अभी भी सदमे में है। निर्देशक के परिवार ने आज यानि 2 अप्रैल को मुंबई में उनकी याद में एक प्रार्थना सभा आयोजित की। इस कार्यक्रम में सिनेमा जगत के तमाम सितारे पहुंचे और सभी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। प्रदीप सरकार को काफी समय से उम्र संबंधी बीमारियां थीं। उनके अंतिम संस्कार में रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, विद्या बालन, नील नितिन मुकेश और कई अन्य सितारे पहुंचे थे। अब 10 दिनों के बाद दिवंगत फिल्म निर्माता के परिवार वालों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस दौरान यहां सैफ अली खान, दृष्टि धामी, गीतकार स्वानंद किरकिरे, सीबीएफसी चीफ प्रसून जोशी, बरखा सिंह समेत अन्य लोग दुख जताने पहुंचे।



### इन फिल्मों का किया निर्देशन

प्रदीप सरकार की फिल्मों की बात करें तो साल 2005 में उन्होंने परिणीता के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'लागा चुनरी में दाग', 'लफंगे परिंदे', 'मर्दानी' और 'हेलीकाप्टर ईला' का सफल निर्देशन किया था। निर्देशक को उनके काम के लिए कई पुरस्कार से भी नवाजा गया है। प्रदीप को फिल्म फेयर अवॉर्ड और जी सिने अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके निधन पर बॉलीवुड काफी दुखी है।

## बॉलीवुड की घटिया राजनीति की पोल खोल चुके हैं ये सितारे

**मुंबई।** मनोरंजन जगत की चकाचौंध के बीच कई ऐसी चीजें हैं, जिनका जिक्र समय-समय पर सितारे करते रहते हैं। कभी इंडस्ट्री में नेपोटिज्म का मुद्दा गहराता नजर आता है। तो कभी शोबिज की दुनिया से भेदभाव का मामला सामने आता है। इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो आज अपनी मेहनत के दम पर लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुके हैं।

**प्रियंका चोपड़ा**



प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में हिंदी सिनेमा को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिसे जान हर कोई दंग रह गया। ग्लोबल आइकन ने खुलासा करते हुए बताया कि उन्हें बॉलीवुड इंडस्ट्री से दर-किनार कर दिया गया था। देसी गर्ल ने साफ कहा कि उन्हें काम मिलना बंद हो गया था। एक्ट्रेस, बी-टाउन की अंदरूनी राजनीति से तंग आ चुकी थीं। हर अपनी पहचान बनाने निकल गईं।

**कंगना रनौत**



कंगना रनौत हमेशा से ही इंडस्ट्री के अंदर होने वाली राजनीति का कच्चा-चिट्ठा खोलती नजर आई हैं। इसी का नतीजा है कि कंगना को इन दिनों काम मिलना बेहद कम हो गया है। फिलहाल, कंगना जिन फिल्मों में नजर आ रही हैं, उन्हें वो खुद प्रोड्यूस करती हैं। पंगा क्वीन को अक्सर करण जौहर और महेश भट्ट जैसे फिल्ममेकर पर बड़े-बड़े आरोप लगाते देखा जाता है। इतना ही नहीं इंडस्ट्री के अंदर फैली पॉलिटिक्स को देखते हुए एक्ट्रेस ने साउथ सिनेमा का रुख कर लिया है।

**रवीना टंडन**



रवीना टंडन ने बिना नाम लिए मनोरंजन जगत में बड़े लेवल पर चल रही राजनीति का पर्दाफाश किया था। एक्ट्रेस ने कहा था कि इस इंडस्ट्री में कई ऐसे लोग हैं, जो आपकी असफलता के लिए प्लान करते हैं। रवीना ने कहा था कि ये लोग आपको गिरते हुए देखना चाहते हैं, जिसकी वजह से आपको बाहर का रास्ता दिखाया जा सके।

**तनुश्री दत्ता**



तनुश्री दत्ता ने ना सिर्फ मनोरंजन जगत में होने वाली राजनीति का खुलासा किया बल्कि उन्होंने मीटू-मूवमेंट के दौरान एक बड़े सितारे पर आरोप भी लगाया। तनुश्री ने साफ किया कि इन मूवी माफियाओं की वजह से उन्हें काम मिलना बंद हो गया जिसकी वजह से उन्हें इंडस्ट्री छोड़कर जाना पड़ा। अब तनुश्री पर्दे से पूरी तरह गायब हो चुकी हैं।

**मनोज बाजपेयी**



मनोज बाजपेयी ने आउटसाइडर होने के बाद भी अपनी अलग पहचान बनाई है। एक्टर का टैलेंट ही है कि उन्हें आज के समय में हर कोई पहचानता है। हालांकि, एक समय ऐसा था जब वह इंडस्ट्री में चल रही राजनीति से परेशान हो गए थे। एक्टर ने कहा था कि बॉलीवुड में आउटसाइडर्स को बराबर की इज्जत नहीं दी जाती। मनोज ने तो यह तक कह दिया था कि इस इंडस्ट्री में टैलेंट का सबसे ज्यादा दुरूपयोग होता है।

**एआर रहमान**



वर्ल्ड फेमस संगीतकार एआर रहमान भी इस राजनीति से अछूते नहीं रहे हैं। संगीतकार ने कहा था कि यहां एक लॉबी है, जो लोगों के जहन में आपके लिए गलत धारणा डालती है। एआर रहमान ने कहा था कि वो हमेशा से ही बेहतरीन काम तलाशते हैं, लेकिन इस इंडस्ट्री की डर्टी पॉलिटिक्स की वजह से वह यहां काम नहीं करना चाहते हैं।

### आज जन्मदिन- अभिनेत्री जयाप्रदा ने दक्षिण भारत के साथ हिंदी फिल्मों में बराबर से सक्रिय रही

## फिल्मी परदे के साथ राजनीति में भी खूब चमकी जयाप्रदा, विवाद साथ-साथ चलते रहे

**मुंबई।** दक्षिण भारत के साथ हिंदी फिल्मों मशहूर अभिनेत्री जयाप्रदा ने 80 और 90 के दशक में अपने करियर की बेहतरीन फिल्में दी, लेकिन एक दौर ऐसा आया, जब उन्होंने अपने फिल्मी करियर से दूरी बना ली। उनकी दोबारा वापसी एक राजनेता के तौर पर हुई। फिल्मी कहानी की तरह इस अभिनेत्री की असल जिंदगी भी रोमांस, एक्शन, ड्रामा से भरपूर रही।

उन्होंने बहुत कम उम्र में अपने करियर की शुरुआत की। 13 साल की उम्र में इंडस्ट्री में शामिल हो चुकीं जया प्रदा ने अपनी फिल्मों और एक्टिंग से उस दौर में टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में जगह बना ली थी। लेकिन फिल्मी करियर में



सफलता हासिल करने वाली जयाप्रदा की निजी जिंदगी उनकी सफर और खुशहाल नहीं हो पाई। उनकी निजी जिंदगी से जुड़े कई विवाद हैं। बाद में जयाप्रदा ने राजनीति में सक्रिय हो गईं।

जयाप्रदा (मूल नाम ललिता रानी) का जन्म 3 अप्रैल 1962 में को राजमुंदरी आंध्र प्रदेश में हुआ था। उनके कृष्णा राव था तेलुगू फिल्मों के फाइनेंसर थे। जब जया प्रदा 13 साल की थीं, तो उन्होंने अपने स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में एक डांस परफॉर्म किया था। उस कार्यक्रम में एक फिल्म निर्देशक भी शामिल हुए, जिन्होंने जया प्रदा को नोटिस किया और अपनी तेलुगू फिल्म 'भूमि कोसम' में एक सीन का ऑफर किया। यहां से जया के फिल्मी करियर की शुरुआत हुई। उन्होंने 'भूमि कोसम' फिल्म में तीन मिनट का डांसिंग सीन किया था, जिसके लिए उन्हें उस दिनों मात्र 10 रुपये मिले थे।

साल 1976 में हिट की हैट्रिक के साथ, एक बड़ी स्टार बन गईं. के. बालचंदर की अंतुलेनी कथा, जिसमें उनके नाटकीय कौशल को समेटा गया। के. विश्वनाथ की 'सिरी सिरी मुव्वा' में उन्होंने शानदार नृत्य कौशल वाली एक मूक लड़की की भूमिका निभाई थी. वहीं साल 1979 में उन्होंने इसी फिल्म के हिंदी संस्करण 'सरगम' के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया।

जयाप्रदा एक सशक्त एक्ट्रैस भी थी। एक फिल्म की शूटिंग के दौरान जया प्रदा छेड़खानी की भी शिकार हुईं।सीन शूट करते वक्त उनके को-स्टार दलीप ताहिल ने जया प्रदा को कसकर पकड़ लिया। खुद को दलीप ताहिल के चंगुल से बचाने के लिए जया प्रदा ने जोरदार थप्पड़ जड़ दिया था। इस घटना से वहां मौजूद सभी लोग सन्न रह गए।

### शादी और निजी जीवन पर विवादों का साया

भले ही जया प्रदा ने अपने करियर में सफलता का भरपूर स्वाद लिया लेकिन उनका निजी जीवन विवादों में रहा। जब उनका करियर चरम पर था, उस समय अचानक जयाप्रदा ने साल 1986 में पहले से ही शादीशुदा श्रीकांत नहाटा से शादी कर ली। श्रीकांत नहाटा ने अपनी पहली पत्नी से अलग नहीं हुए थे। जया से शादी के बाद भी उन्होंने अपनी पहली बीवी से बच्चे पैदा किए। जया के पति और उनकी सौतन खुशी खुशी अपने तीन बच्चों के साथ रहते थे। वहीं जया प्रदा की कोई संतान नहीं थी। वह बाद में श्रीकांत से अलग हो गईं।



90 के दौर में खूब चली जयाप्रदा, जीतेंद्र और श्रीदेवी की तिकड़ी

1994 में जयाप्रदा एनटी रामाराव के कहने पर तेलुगू देसम पार्टी में शामिल हो गईं। हालांकि साल 2000 में जयाप्रदा ने तेदेपा छोड़ दी और समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली। कहा जाता है कि सपा में जयाप्रदा को लाने का श्रेय अमर सिंह को जाता है। जया और अमर सिंह की दोस्ती भी राजनीतिक गलियारे में लगातार बनी रहती थी। जब अमर सिंह सपा से अलग हुए तो जयाप्रदा ने भी पार्टी छोड़ दी और लोकदल पार्टी में शामिल हो गईं। हालांकि बाद में वह फिर समाजवादी पार्टी में आ गईं।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com